Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

माँ स्कंदमाता

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

माँ स्कंदमाता

वर्ष: 6 अंक: 266 | शनिवार, 27 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दिल्ली को सीवरेज समस्या से मिलेगी मुक्ति

# अमित शाह 30 सितंबर को करेंगे ओखला एसटीपी का उद्घाटन



**दक्षिणी दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 सितंबर को ओखला स्थित एशिया के सबसे बड़े सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी। कार्यक्रम को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में दक्षिणी दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी भी मौजूद थे। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि इस योजना से पूरी दिल्ली, विशेषकर दक्षिणी दिल्ली की सीवरेज समस्या को स्थायी समाधान मिलेगा। प्रवेश वर्मा ने बताया कि ट्रीटमेंट प्लांट से शुद्ध किया गया पानी उत्तर प्रदेश को दिया जाएगा, जिसे वहां सिंचाई कार्यों में उपयोग किया जाएगा। बदले में उतनी ही मात्रा में गंगाजल दिल्ली को मिलेगा, जो पेयजल

> बैठक में दक्षिणी दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी भी मौजूद थे। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि इस योजना से पूरी दिल्ली, विशेषकर दक्षिणी दिल्ली की सीवरेज समस्या को स्थायी समाधान मिलेगा।

के रूप में इस्तेमाल होगा। इससे दिल्लीवासियों, खासकर दक्षिणी दिल्ली की पानी की किल्लत काफी हद तक दूर होगी। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली को ऐसी सरकार मिली है जो जमीनी स्तर पर काम कर रही है और जनता को इसका सीधा लाभ महसूस हो रहा है। मौके पर क्षेत्र के विधायक, निगम पार्षद, भाजपा जिला व मंडल अध्यक्ष सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# ऑपरेशन सिंदूर से खौफ में लश्कर-ए-तैयबा

**नई दिल्ली।**




ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किए जाने के चार महीने बाद अब लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अपने ठिकाने को स्थानांतरित कर रहा है।

अफगान सीमा के पास 'मरकज जिहाद-ए-अक्सा' बना रहा है। इससे पहले जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन भी अपने अड्डे स्थानांतरित कर चुके हैं। ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह से भारत ने उसके ठिकानों को मिट्टी में मिलाया था उससे आतंकी संगठन डरे हुए हैं। भारत से बचने के लिए आतंकी संगठन अफगानिस्तान सीमा के पास शिफ्ट हो रहे हैं, हालांकि, भारतीय सेना के शीर्ष सूत्रों ने दावा किया है कि जरूरत पड़ने पर सेना ऐसे दूरस्थ स्थानों पर हमला करने में सक्षम है। विडंबना है कि एक ओर पाकिस्तान खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवाद को बेअसर करने के नाम पर अपने ही नागरिकों को मार रहा है, जबकि दूसरी ओर आइएसआइ खैबर पख्तूनख्वा में जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों को स्थानांतरित करने की अनुमति दे रही है। इसका निर्माण आपरेशन सिंदूर के दो महीने बाद जुलाई में शुरू हुआ था। ग्राफिक्स और वीडियो से पता चलता है कि पहली मंजिल का ढांचा तैयार हो चुका है, और बाकी काम चल रहा है। यह लश्कर-ए-तैयबा की हाल ही में निर्मित 'जामिया अहले सुन्नत मस्जिद' के निकट लगभग 4,643 वर्ग फीट खाली भूमि पर है। लश्कर-ए-तैयबा का नया प्रशिक्षण केंद्र दिसंबर 2025 तक पूरा हो सकता है। हालांकि अभी भी इसका निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन यह कट्टरपंथ और आतंकी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उभर रहा है।

> अपने अड्डों को अफगान सीमा के पास कर रहा स्थानांतरित

## सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड चुनाव आयोग पर लगाया दो लाख रुपये जुमार्ना



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग के खिलाफ सख्त एक्शन लिया। कोर्ट ने न केवल आयोग के असंवैधानिक स्पष्टीकरण पर उत्तराखंड हाई कोर्ट की रोक को चुनौती देनेवाली याचिका खारिज की, बल्कि उस पर दो लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सवाल उठाया कि आयोग संवैधानिक प्रविधानों के खिलाफ कैसे जा सकता है। हाई कोर्ट ने आयोग के उस स्पष्टीकरण पर रोक लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि एक से अधिक ग्राम पंचायत की मतदाता सूचियों में नाम होने के बावजूद प्रत्याशी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। उसका नामांकन केवल इस आधार पर खारिज नहीं किया जाएगा।

## जुबीन गर्ग की मौत मामले में गवाहों को नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** असम पुलिस की सीआईडी ने सिंगापुर में गायक जुबीन गर्ग की मौत से जुड़ी घटनाओं के बारे में जानकारी रखने वालों या वहां मौजूद लोगों को शुक्रवार को नोटिस जारी किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी गवाहों को 10 दिनों के भीतर पेश होने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि जुबीन गर्ग की मौत की जांच के लिए सीआईडी द्वारा गठित एसआईटी ने दूसरे दिन भी गुवाहाटी में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत के आवास पर तलाशी जारी रखी।

# भारत में हाइड्रोजन हाईवे के ट्रायल का शुभारंभ

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत के पहले ‘हाइड्रोजन हाईवे’ के ट्रायल का शुभारंभ किया, जिससे देश की हाइड्रोजन ईंधन की पहल को गति मिलेगी। इस परियोजना में लंबी दूरी के हाइड्रोजन-चालित माल परिवहन के लिए रणनीतिक राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के साथ हाइड्रोजन ईंधन भरने के स्टेशनों की स्थापना शामिल है। ये परीक्षण दो वर्षों तक चलेंगे और इसमें फरीदाबाद, साहिबाबाद, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, आगरा जैसे प्रमुख मार्ग शामिल होंगे जो उद्योग क्लस्टर, बंदरगाहों और माल परिवहन गलियारों को जोड़ेंगे, जहां हाइड्रोजन तत्काल प्रभाव डाल सकता है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने शुक्रवार को पहले 'वर्ल्ड हाइड्रोजन इंडिया' कार्यक्रम के उद्घाटन के




दूसरे दिन कहा, ‘हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। हमने अब दुनिया के पहले बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन ट्रक परीक्षणों की शुरूआत की है। दस मार्गों पर पांच समूहों के लिए 500 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन मंजूर किया है, जिसमें 37 वाहन भाग ले रहे हैं। इन परीक्षणों के लिए नौ हाइड्रोजन ईंधन भरने के स्टेशनों की स्थापना की जाएगी। ये गलियारे भारत के पहले हाइड्रोजन हाईवे के रूप में कार्य करेंगे, जो स्वच्छ, लंबी दूरी की गतिशीलता के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेंगे। उद्योग भागीदारों में टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड, वोल्वो, बीपीसीएल, आइओसीएल, एनटीपीसी और रिलायंस शामिल हैं। ये गलियारे भारत के पहले हाइड्रोजन हाईवे के रूप में कार्य करेंगे, जो स्वच्छ, लंबी दूरी की गतिशीलता के लिए पारिस्थितिकी तंत्र बनाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर समेत भुवनेश्वर, कोणार्क, पुरी, वडोदरा, सूरत, पुणे, मुंबई, जमशेदपुर, कालिंग, तिरुवनंतपुरम, जामनगर, अहमदाबाद, कोच्चि, विशाखापत्तनम जैसे प्रमुख मार्गों को हाईड्रोजन मार्गों से जोड़ा जाएगा।

## पंजाब विधानसभा में बाढ़ पर बहस

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में आई बाढ़ के लिए मौसम विभाग के गलत अनुमानों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने पूछा कि क्या इस एजेंसी को बने रहने का कोई अधिकार है। उन्होंने कहा कि जमाना कहां चला गया, इससे तो अच्छा होता हम गूगल पर देख लेते। अगस्त महीने में मौसम विभाग के पूवार्नुमान व कुल हुई बारिश के एक-एक दिन का आंकड़ा पेश करते हुए उन्होंने कहा कि यह बाढ़ अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा बारिश का पानी आने के कारण आई, न कि सरकार की मैनेजमेंट के असफल रहने के कारण। आईएमडी के दावों पर उन्होंने कहा कि 17 अगस्त को उसने 9 मिमी वर्षा की बात कही थी जबकि 185 मिमी वर्षा हुई। 18 अगस्त को 15 एमएम की बात की वह भी पुवार्नुमानों से कहीं अधिक हुई।

## पहली महिला संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के लिए बढ़ी मांग



**न्यूयॉर्क।**

संयुक्त राष्ट्र के 80 साल के इतिहास में, कभी महिला महासचिव नहीं बनी है। ऐसे में अब किसी महिला को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख बनाने की मांग हो रही है। महासचिव एंटोनियो गुटेरस का दूसरा पांच वर्षीय कार्यकाल 2026 के अंत में पूरा होने वाला है। इस सप्ताह की वार्षिक संयुक्त राष्ट्र महासभा में कुछ नेताओं ने मांग की कि किसी महिला को इस पद की जिम्मेदारी देनी चाहिए। अगले संयुक्त राष्ट्र महासचिव का चयन 2026 में किया जाएगा और उनका कार्यकाल एक जनवरी, 2027 से शुरू होगा। एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस ने कहा, समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव के रूप में महिला को चुना जाए। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में क्षेत्रीय संतुलन का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने इस पद के लिए चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचलेट की सिफारिश की। चिली की पहली महिला राष्ट्रपति बैचलेट ने दो बार इस दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र की राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। वह संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी निदेशक और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त भी रह चुकी हैं।

> 80 साल से पुरुष ही कर रहे नेतृत्व

## ईरान में बनेंगे चार परमाणु ऊर्जा संयंत्र


**दुबई।** ईरान ने रूस की परमाणु कंपनी रोसाटाम के साथ चार परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने के लिए 25 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रोसाटाम ने पहले कहा था कि उसने ईरान में छोटे परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण पर बुधवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन कोई संख्या नहीं बताई गई थी। ईरान की आधिकारिक इरना समाचार एजेंसी ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी प्रांत होर्मोज्गान के सिरिक क्षेत्र में 500 हेक्टेयर भूमि पर तीसरी पीढ़ी के संयंत्रों के निर्माण के लिए हुए समझौते से 5,000 मेगावाट बिजली पैदा होगी। इस समझौता ज्ञापन पर मॉस्को में हस्ताक्षर किए गए।

# लखनऊ सहित यूपी के चार शहरों विकसित होगी नई टाउनशिप, योगी सरकार देगी 1832.51 करोड़ रुपये

**लखनऊ।**

राजधानी लखनऊ सहित राज्य के चार शहरों में नई टाउनशिप विकसित करने के लिए सरकार 1832.51 करोड़ रुपये देगी। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के तहत भूमि अर्जन के लिए बतौर सीड कैपिटल 970 करोड़ रुपये की पहली किस्त जल्द ही संबंधित विकास प्राधिकरणों को जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष के बजट में तीन हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था है। कैबिनेट ने 1832.51 करोड़ रुपये स्वीकृत करते हुए 970 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसमें से 750 करोड़ रुपये लखनऊ को जबकि 100-100 करोड़ रुपये अयोध्या व रामपुर विकास प्राधिकरणों को मिलेंगे।





# ई-कामर्स से जुड़े विदेशी निवेश नियमों में ढील देने की तैयारी में सरकार

**नई दिल्ली।**

भारत सरकार ने ई-कामर्स क्षेत्र से जुड़े विदेशी निवेश नियमों में ढील देने का एक प्रस्ताव पेश किया है। इससे एमेजोन जैसी ई-कामर्स कंपनियों को भारतीय विक्रेताओं से सीधे उत्पाद खरीदने और फिर उन्हें विदेशी ग्राहकों को बेचने की अनुमति मिलेगी। अभी भारत विदेशी ई-कामर्स कंपनियों को घरेलू या विदेशी उपभोक्ताओं को सीधे सामान बेचने की अनुमति नहीं देता, बल्कि उन्हें केवल एक मार्केटप्लेस संचालित करने की अनुमति है, जो खरीदारों और विक्रेताओं को एक शुल्क के लिए जोड़ता है। ई-कामर्स से जुड़ी मौजूदा विदेशी निवेश नीति वर्षों से भारत और अमेरिका के बीच विवाद का विषय रही है। अमेरिका की ई-कामर्स कंपनी एमेजोन ने निर्यात के लिए नियमों में ढील देने के लिए भारत सरकार से लॉबिंग की है। प्रस्तावित बदलाव भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से लंबित व्यापार समझौते पर मतभेदों को दूर करने के प्रयासों के साथ भी मेल खाते हैं। कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है। कन्फेडरेशन का कहना है कि विदेशी कंपनियों द्वारा इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और उन्हें सप्लाई चेन पर अधिक नियंत्रण दे सकता है।

> **सार्वजनिक नहीं किया गया है प्रस्ताव**
>
> विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से तैयार किए गए इस प्रस्ताव को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। महानिदेशालय और एमेजोन ने इस प्रस्ताव को लेकर सवालों का जवाब नहीं दिया है। इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए कैबिनेट की मंजूरी की जरूरत होगी।

## संपादक की कलम से

# छात्रवृत्ति के नाम पर शोषण!

दिल्ली के वसंत कुंज स्थित मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट में संचालक बने स्वयंभू बाबा पर छात्राओं के यौन शोषण के आरोप, भरोसे को तोड़ा और संस्थान की साख पर सवाल खड़े किए। शैक्षिक संस्थानों को आमतौर पर छात्राओं के लिए सुरक्षित परिसर माना जाता है। मगर ऐसी किसी जगह पर जब उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई जाती है और धमका कर यौन उत्पीड़न किया जाता है, तो यह एक व्यापक चिंता का विषय बनता है। दिल्ली में वसंत कुंज स्थित एक प्रबंधन संस्थान में खुद उसके संचालक ने छात्राओं से जैसा बर्ताव किया, उसने संस्थान पर भरोसे को तार-तार कर दिया है। गौरतलब है कि इस मामले का मुख्य आरोपी एक कथित स्वयंभू धर्मगुरु या बाबा है, जो संस्थान का एक संचालक भी था।



ललित शर्मा
संपादक

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए छात्रवृत्ति के तहत पढ़ाई कर रही कई छात्राओं को वह काफी समय से अलग-अलग रूप से प्रताड़ित कर रहा था। हैरानी की बात यह है कि इतनी संवेदनशील शिकायत पर संस्थान के अधिकारियों ने तब सुध ली, जब विवाद ने तूल पकड़ लिया। एक शर्मनाक पहलू यह भी है संस्थान की महिला कर्मी पीड़ित छात्राओं पर आरोपी की बात मानने के लिए दबाव डालती थीं। संस्थान में अपने प्रभाव के कारण आरोपी न केवल अभद्रता करता रहा, बल्कि किसी भी कार्रवाई से बचता रहा। दूसरी ओर, भविष्य तबाह कर देने की धमकी से डरी छात्राएं खामोश रहीं। इस पूरे मामले में न केवल संबंधित संस्थान, बल्कि कानून व्यवस्था की भी बड़ी नाकामी है। एक ऐसा व्यक्ति जिसका पुराना आपराधिक अतीत रहा हो, वह राजधानी के नामी प्रबंधन संस्थान का संचालक कैसे बन जाता है या बना रहता है? संस्थान के परिसर से इस कथित स्वयंभू बाबा की महंगी कार भी बरामद हुई है, जिस पर राजनयिक नंबर वाली जाली प्लेट लगी थी। आरोपी की आपराधिक गतिविधियां सामने आने के बाद संस्थान ने उससे सभी संबंध जरूर समाप्त करने की बात कही, लेकिन सवाल है कि यौन उत्पीड़न संबंधी गंभीर शिकायतों के बावजूद लंबे समय तक उसे प्रबंध समिति का सदस्य और पदाधिकारी कैसे बनाए रखा गया। जबकि धोखाधड़ी और छेड़खानी के मामले उस पर पहले से दर्ज थे। कमजोर तबकों के परिवारों और उनकी बच्चियों ने एक भरोसे के साथ पढ़ाई के लिए उस संस्थान को चुना होगा। मगर वहां उनके भरोसे से जैसा खिलवाड़ किया गया, इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी!

## पांचवा नवरात्रा

# मां स्कंदमाता की किस विधि से करें पूजा? उनका प्रिय रंग पिला



पांचवां दिन मां स्कंदमाता की पूजा का दिन होता है। मां के बारे में कहा जाता है कि वह अपने संतानों खूब स्नेह लुटाती हैं। इनकी पूजा से संतान सुख मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है। इनकी पूजा-अर्चना करने से नकारात्मक शक्तियां खुद ब खुद दूर हो जाती हैं। विघ्न-बाधा भी खत्म होती है। नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप यानी मां स्कंदमाता की पूजा का विधान है। संतान सुख, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति के लिए यह महत्वपूर्ण है।

### पूजा विधि

स्नान और शुद्धिकरण: सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान आदि करने के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
प्रतिमा स्थापित करें: घर के पूजा स्थल या मंदिर में चौकी पर मां स्कंदमाता की तस्वीर या मूर्ति स्थापित करें। मां को गंगाजल से स्नान कराएं, षोडशोपचार पूजन करें।
पुष्प और अक्षत: मां स्कंदमाता को कमल का फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें।
मंत्र जाप: ₹ॐ देवी स्कंदमातायै नमः₹ मंत्र का कम से कम 108 बार जाप करें।
आरती और दुर्गासप्तशती पाठ: मां स्कंदमाता की आरती करें और दुर्गासप्तशती या देवी कवच का पाठ करें।

### दूरी होतीं नकारात्मक शक्तियां

आध्यात्मिक गुरु पंडित कमलापति त्रिपाठी ने कहा कि ऐसी मान्यता है कि यह मां अपने भक्तों पर स्नेह लुटाती हैं। मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना करने से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और कार्यों की विघ्न-बाधा भी खत्म होती है।

### मां स्कंदमाता का स्वरूप

मां की गोद में स्कंद देव विराजमान हैं। मां खुद कमल के आसन पर विराजमान हैं। इस कारण मां स्कंदमाता को पद्मासना देवी भी कहा जाता है। मां का वाहन सिंह है। मान्यता है कि मां भगवती के पंचम स्वरूप की उपासना करने से संतान से संबंधित परेशानियां दूर होती हैं।

### प्रिय भोग और रंग

केले का भोग: मां स्कंदमाता को केले का भोग लगाना विशेष फलदायी होता है। पीला रंग: मां स्कंदमाता को पीला रंग प्रिय है, इसलिए पीले रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है।

### पूजा का महत्व

संतान सुख: मां स्कंदमाता की पूजा से संतान सुख की प्राप्ति होती है और परिवार में सुख-शांति आती है।
आध्यात्मिक उन्नति: मां स्कंदमाता की पूजा से आध्यात्मिक उन्नति होती है और भक्तों को ज्ञान, शांति और सुख

### समृद्धि की प्राप्ति होती है।

नकारात्मक ऊर्जा का नाश: मां स्कंदमाता की पूजा से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है।

## डॉ.राजीव डोगरा



### चिड़िया
कविता

उड़ती चिड़िया आसमान में
दोनों पंख फैलाए।
छोटी सी अपनी चोंच से
दाना-दाना चुग खाएं।
अपने पंख फैलाए उड़ती
पूर्व से पश्चिम
उत्तर से दक्षिण
हर कोने पर
अपना हक जमाती।
डाल-डाल पर
पात-पात पर बैठ
अपना मधुर गीत
सबको सुनाती।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक: ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मौन धारण से क्रोध, मनमुटाव व झगड़ों को हराने की बहुत बड़ी ताकत

वैश्विक स्तरपर दुनियां में हर देश ने तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी, विकास से बढ़ते डिजिटाइजेशन ने शारीरिक श्रम को विशाल स्तरपर कम कर मानसिक श्रम को बढ़ा दिया है जिसमें अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्स और वेबों को ईट का जवाब पत्थर से देने का काम कर दिया है जिसमें माननीय जीव का ध्यान भटक सा गया है और अपने ही उलझन में उलझते हुए गुम सा हो गया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि बढ़ते मानवीय विवादों व बढ़ाती अपनीं ख्वाहिशें, लग्जरी जिंदगी झूठी शान को दिखाने के चक्कर में बड़बोलापन शब्दों बयानों वाक्यों के गिरते स्तर तथा परिवार में बढ़ते विवादों की खाई को और चौड़ा करते जा रहे हैं, जहां अब समय आ गया है कि अब आदि-अनादि काल से हमारे बड़े बुजुर्गों के उपरोक्त हानियों में गुणकारी टॉनिक मौन एकाग्रता को अपनाएं जो हमारे जीवन की सफलता का सच्चा सूत्र है। चूंकि मन एकाग्रता से विवेक जागृत होता है, जिसमें निर्णायक क्षमता सर्वोत्तम होती है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मन एकाग्रता से क्रोध का दामन, आत्मिक बल, निर्मल बुद्धि, समस्याओं का समाधान व मस्तिष्क में एकाग्रता होने को रेखांकित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम मौन व एकाग्रता के लाभों की करें तो, मौन रहने में बड़ी ताकत है, रह कर देखें तब हमको इसके फायदों के बारे में ज्ञान होगा। मौन रहने के फायदे इस प्रकार हैः-(1)सकारात्मक सोच के लिए जीवन में मौन रहने की सलाह दी जाती है।(2)मन को शांति मिलती है और शक्ति बढ़ती है।(3)मौन से आंतरिक और मानसिक शक्ति मिलती है।(4)इससे व्यक्ति लंबे समय तक तनाव रहित बना रहता है।(5)मौन रहने से क्रोध मिटता है।(6)मौन की शक्ति बड़े से बड़े अहंकार को धूल में मिला देती है (7) स्मरण शक्ति और सोचने की शक्ति बढ़ती है।(8)नई मानसिक ऊर्जा प्राप्त होती है और बड़े संघर्ष शुन्य हो जाते हैं।(9)इस उपाय से मन की चंचलता को नष्ट किया जा सकता है।(10)घरेलू लड़ाई-झगड़े बिल्कुल खत्म हो जाते हैं और अपने आप पर काबू पाने की शक्ति बढ़ती है।मौन रहने के क्या लाभ होते हैं ?कहते हैं कि जो समझदार होता है, वह कम बोलता है और कई बार मौन रहकर भी वह संवाद साध लेता है। अनुभव बताता है कि मौन कई बार बहुत बड़ी परेशानियों से बचा सकता है। इसके विपरीत अगर कोई आदत से मजबूर होकर एक के बदले दस जवाब देता है और कहता है कि मैं चुप क्यों रहूं, किसी से दबकर क्यों रहूं? तो वह बहुत बड़ी मुसीबत में फंस सकता है।मौन की अपनी, अनुपम अभिव्यक्ति होती है, जो किसी भाषा की मोहताज नहीं होती।अक्सर लोग वाणी के विराम को ही मौन समझते हैं। लेकिन किसी व्यक्ति के मन में संकल्पों की उथल-पुथल हो रही हो, किसी अन्य व्यक्ति के प्रति उसके मन में द्वेष भावना का ज्वार-भाटा उठ रहा हो, या उसके भीतर कोई और वासना धधक रही हो, तो क्या यह मौन कहा जाएगा? कहते हैं कि पानी-सा रंगहीन नहीं होता मौन, आवाज की तरह इसके भी हजार रंग होते हैं। मन और वाणी, दोनों का शांत होना ही पूर्ण मौन कहा जाता है। मुख के मौन को बाह्य मौन कहा जाता है तथा मन का मौन अंतः मौन। एक कहावत है कि मीठा बोलना जितना सुखकारी है, उतना ही कम बोलना भी लाभकारी है। पर हमें यह समझ भी होनी चाहिए की जहां मौन रहना चाहिए, वहां बोलकर अपने लिए झमेला कभी खड़ा नहीं करना है।मौन हमारे मस्तिष्क के सभी स्नायुओं और इंद्रियों को संयमित रखता है। चुप रहने से वाणी और वाणी के साथ खर्च होने वाली मस्तिष्क की शक्ति संचित होती है। तभी तो कहा गया है कि जो व्यक्ति अपने मुख और जबान पर संयम रखता है, वह अपनी आत्मा को कई संतापों से बचाता है। मौन में रहकर ही हम जीवन जगत के गूढ़ और सत्य पहलुओं का साक्षात्कार कर सकते हैं। जिस उत्तम धारणा से इतने लाभ प्राप्त होते हों, तो क्यों न हम उसको अपने जीवन का अंग बना लें?



गोंदिया

साथियों बात अगर हम मौन व एकाग्रता साधना से अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव की करें तो, मौन धारण करना एक बड़ी साधना है. यह हमारे सोचने समझ ने की शक्ति को बढ़ाता है. इसलिए साधना के सभी पंथ मौन की महत्ता को स्वीकार करते है. मनोविज्ञानी और करियर विशेषज्ञ भी स्मरण शक्ति बढ़ाने, एकाग्रता, शांति और सकारात्मक सोच के लिए जीवन में मौन धारण करने की सलाह देते हैं जब हम कुछ समय मौन रहते तो स्वयं से बात करते हैं आत्म मंथन करते हैं इससे नयी मानसिक ऊर्जा प्राप्त होती है.इस छोटे-से उपाय से आप अपने जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।(1)नकारातमकता का दूर होना, हमारी जो संस्कृति है उसमें सिर्फ उत्पादकता की बात की जाती है हमेशा पूछा जाता है कि आपने अपने परिवार, समाज, देश के लिए क्या किया या आप अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं इस सवाल के मूल में एक ही तत्व रहता है - क्या किया जा सकता है? मौन हमें इससे आजादी दिलाता है कई बार यह एकांत ही बहुत ज्यादा उत्पादक हो जाता है।(2) क्या हम दस दिन तक मौन रहने के बारे में सोच सकते हैं? बहुत से लोगों के लिए यह पानी पर चलने जैसा है लेकिन विपासना के शिविर में यह होता है इसमें भाग लेने वालों को लिखने-पढ़ने तक की मनाही होती है वह एक-दूसरे से आइ कांटैक्ट भी नहीं कर सकते एक बार वैज्ञानिकों का दल विपासना के इस तरह के शिविर में शोध के लिए गया था उन्होंने पाया कि चुप रहने से हमारी संवेदनशीलता बढ़ने लगती है दृष्टि में, सोच में, भावनाओं में समाहित हो जाती है।(3)विद्वानों का मानना है कि हम निराशावादी इसलिए हो जाते हैं क्योंकि हम भविष्य में जीते हैं जो सिर्फ एक भ्रम है मौन हमें वर्तमान में लाता है जहां हम खुशी का अनुभव करते हैं मौन की मदद से ही हम भविष्य के भ्रम से निकलने में कामयाब हो सकते हैं।(4) डॉक्टरों की माने तो मौन एकांत में किसी प्राकृतिक स्थान पर टहलने का एक अलग आनंद है वैज्ञानिकों का मानना है कि मौन से हमारे दिमाग के उस हिस्से का विकास होता है जो हमारी याददाश्त को मजबूत करता है प्रकृति के करीब रहने से हमारी स्थान संबंधी याददाश्त तेज होती है विशेषज्ञ मानते हैं कि एकांत मौन में दिमाग शांत रहता है वह यादों को सहेजने का काम करता है।(5) एक्शन को मिलती है मजबूती मनोविश्लेषक केली मैकगोनिगल का मत है कि जब हम मौन रहते हैं तभी दिमाग में सकारात्मक विचार आते हैं जिसे बाद में हम अमल में लाते हैं इससे हमारे भीतर सकारात्मक प्रवृत्ति बढ़ती है।(6)जब कभी भी हम अपने बच्चों या प्रियजनों पर सख्ती करते हैं तो बाद में पछताते हैं यह तभी होता है जब हम बिना सोचे-समझे यह करते हैं यहीं पर मौन काम करता है वह हमें जागरूक करता है सचेत करता है इससे हमारी गतिविधियां हमारे नियंत्रण में रहती हैं जब हम जागरूक रहते हैं तब हमारे ऊपर हमारा नियंत्रण रहता है किसी बाहरी चीज से हम प्रभावित नहीं होते यह शक्ति हमें मौन से मिलती है।(7)दिगाम भी तेज होता है शरीर का सबसे जटिल और ताकतवर हिस्सा दिमाग है.जिस तरह से मांसपेशियों को कसरत करने से फायदा पहुंचता है, वैसे दिमाग को मौन से फायदा होता है मौन एक तरह से दिमाग की कसरत है मान लें कि आप किसी शांत जगह पर ध्यान के लिए बैठे और तभी आपको खुजली होने लगती है विशेषज्ञ मानते हैं कि आपको खुजली नहीं करनी चाहिए इससे आपको व्यवधान में भी ध्यान लगाने की आदत पड़ जायेगी इससे एकाग्रता बढ़ती है। साथियों बात अगर हम मौन वह एकाग्रता को सभी मानवीय गुणों में सर्वोपरि की करें तो, मौन रहना सभी गुणों में सर्वोपरि है। मौन का अर्थ है संयम के द्वारा धीरे-धीरे इन्द्रियों तथा मन की कार्यपद्धति को संयमित करना। समस्त सिद्धियों के मूल में मौन ही है। जैसे निद्रा से उठने पर शरीर, मन एवं बुद्धि में नई स्फूर्ति दिखाई देती है वैसे ही मौन रहने पर सर्वदा वही स्फूर्ति शरीर के साथ मन एवं बुद्धि में बनी रहती है। ग्रह शांति के लिए मौन धारण कर मानसिक जप करना सर्वश्रेष्ठ माना गया है।भगवान श्रीकृष्ण नेश्रीमद्भगवत गीता में वाक्संयम को तप की संज्ञा दी है। मौनव्रत से गंभीरता आत्मशक्ति तथा वाकशक्ति में वृद्धि होती है। मौन से तात्पर्य है बिना दिखावे के सेवा करना। मौन रहना सभी गुणों में सर्वोपरि है। मौन का अर्थ है संयम के द्वारा धीरे-धीरे इन्द्रियों तथा मन की कार्यपद्धति को संयमित करना। समस्त सिद्धियों के मूल में मौन ही है। जैसे निद्रा से उठने पर शरीर, मन एवं बुद्धि में नई स्फूर्ति दिखाई देती है वैसे ही मौन रहने पर सर्वदा वही स्फूर्ति शरीर के साथ मन एवं बुद्धि में बनी रहती है। मौन रहने से आध्यात्मिक शक्तियों का विकास तो होता ही है, साथ ही शरीर में ऊर्जा भी संग्रहित होती है। प्रतिदिन कुछ समय मौन रहकर अपनी आत्मशक्ति का विकास कर अपनी आत्मा के निकट आंतरिक संवाद, ध्यान अवश्य करना चाहिए। अगर प्रतिदिन कुछ समय के लिए मौन व्रत न धारण कर पाएं तो सप्ताह में एक दिन कुछ समय के लिए अथवा माह में एक दिन मौन व्रत अवश्य रखना चाहिए। नीति शास्त्रों में कहा गया है कि विद्वान चुप रहते हैं, समझदार बोलते हैं और अज्ञानी अकारण बहस करते हैं, इसलिए जीवन में अकारण वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर कभी-कभी मौन धारण करना भी फायदेमंद रहता है। मौन धारण करने से न केवल आध्यात्मिक लाभ है, बल्कि मनोवैज्ञानिक, वैज्ञानिक और ज्योतिषीय लाभ भी हैं।मौन धारण कर हम अपनी ऊर्जा को बिखरने से रोकते हैं जिसके कारण आवश्यक कार्यों के लिए ऊर्जा संचित हो जाती है। अक्सर देखा गया है, जो लोग जरूरत के समय ही बोलते हैं अथवा अधिकांश समय मौन धारण कर लेते हैं, वे अपने विचारों और शब्दों पर नियंत्रण रखने में परिपक्व हो जाते हैं, जिसके कारण किसी भी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा से मन दुःखी नहीं होता है। मौन के द्वारा क्रोध पर भी नियंत्रण पाया जाता है तथा वाणी दोष से भी बचा जा सकता है। साथियों बात अगर हम मन के एकाग्रता के विमुख होने के कारणों की करें तो, मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना।इसका चंचल गुण बार बार हमें हमारे लक्ष्यों से विमुख करता रहता है। मनुष्य का मन उसको भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति-भांति के कार्य करवाता है। हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी होता है। इसका जिस ओर मन करता है वह उधर ही इसको ले जाता है। इसमें प्रायः गलत राह भी पकड़ ली जाती है। मन का अधिक झुकाव विषयों एवं विकारों की तरफ रहता है। वहां पर हमें इसको बांधने और रोकने की जरूरत महसूस होती है। इसके लिए गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं, हे अर्जुन यदि तुम धीर मति वाले और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति हो तो मन की चंचलता पर काबू पाया जा सकता है। मन का मुंहजोर घोड़ा आरंभ में सवार को अपनी पीठ पर आसीन नहीं होने देता है, लेकिन अगर बार-बार कोशिश की जाए तो वह उसे सवार भी होने देगा, उसकी बात मानेगा और उसकी इच्छा के अनुसार चलेगा भी, पर सबसे कठिन होता है मन को किसी एक लक्ष्य पर टिका कर रखना। मन के दृढ़ निश्चयी होने पर ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसी को कहते हैं अभ्यास की तलवार चलाना। इसी तरह स्वामी विवेकानंद जी एकाग्रता की महत्ता को बताते हुए कहते हैं कि अगर मुझे जीवन में एक बार फिर से शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मेरे मन के अनुसार मिला तो तथ्यों का अध्ययन तो कदापि नहीं करूंगा। तब मैं मन की एकाग्रता और अनासक्ति की सामर्थ्य बढ़ाऊंगा। इसमें पारंगत हो जाने के पश्चात अपनी इच्छा अनुसार तत्वों का संकलन करूंगा। इस तरह उन्होंने भी मन की एकाग्रता पर जोर दिया है। जिसने भी अपने मन को साध लिया, उसके लिए हर लक्ष्य आसान हो जाता है। मन की एकाग्रता हमें हमारी आत्मा से साक्षात्कार कराकर हमारी सफलता के नए द्वार खोलती है। इसलिए आज से ही मन को साधने में जुट जाइए।

साथियों बात अगर हम मौन धारण करने के महत्व की करें तो, मौन धारण करने का महत्वआज हम जिस युग में जी रहे हैं, उसमें टेक्नोलॉजी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जहां लोग एकांत की खोज में लगे रहते वो खुद को इन्ही टेक्नोलॉजी को कहीं गुम कर देते हैं। लेकिन मौन को मन में बैठाने की दिशा में पहला कदम यह है कि आप अपने मानसिक स्वास्थ्य को अन्य सभी पहलुओं से बढ़कर समझें और फिर उन तकनीकों को शामिल करने का सचेत प्रयास करें जो आपको मौन रहने की आत्मीय उदारता और शक्ति का अनुभव करने की अनुमति दे।गाड़ियों के बेतहाशे हॉर्न से लेकर आस-पास बजने वाले म्यूजिक, ऑन-डिमांड शो और लोगों की चटर-पटर से लेकर आपकी बिल्डिंग के ऊपर से उड़ते हुए हवाई जहाज की आवाज तक हर तरफ एक घना शोर है, जिसमें दूसरों की तो क्या, कभी-कभी खुद की भी आवाज नहीं सुन पाते। आपके अंतर्रमन की आवाज, जिसे सुनने से आपके जीवन की आधी परेशानी का समाधान मिल सकता है। वैज्ञानिक प्रमाणों के अनुसार, यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छी बात नहीं है।

# सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी एवम पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन के दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया

**राजीव चौधरी**। थाना देवबंद क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज 5,0 की धूम मिशन शक्ति फेज 5,0 की धूम के चलते देवबंद क्षेत्र मे, बालिकाओं/महिलाओं ने लिया बढ़ चढकर भाग इंस्पेक्टर देवबंद नरेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में आदर्श इंटर कालेज एवम पीएमसी जूनियर हाई स्कूल तल्हेडी बुजुर्ग पहुंची टीम मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता, सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना सहारनपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मिशन शक्ति फेज 5,0 के कार्यक्रमो ने आजकल देवबंद क्षेत्र में दबाकर धूम मचा रखी है।मिशन शक्ति के इन कार्यक्रमों में महिलाएं/बालिकाएं एवम स्कूली छात्राएं बढ़ चढकर भाग लेकर इन महत्वकांक्षी योजनाओ का जमकर लाभ उठा रही है, और इतना ही नही स्वयं व अपने परिवार को केसे सुरक्षित रखना है, उसके बारे में भी इन पुलिस टीमो से जानकारी प्राप्त कर रही है।आपको बता दें, कि कल भी इंस्पेक्टर देवबंद नरेंद्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में उनकी पुलिस टीम निरीक्षक सतेन्द्र पाल सिंह, महिला उपनिरीक्षक सुधा अपनी पुलिस टीम महिला कांस्टेबल राखी एवम अन्य पुलिस टीम के साथ आदर्श इंटर कालेज एवम पीएमसी जूनियर हाईस्कूल तल्हेडी बुजुर्ग पहुंची, जहां पर इस टीम द्वारा छात्राओं को मिशन शक्ति फेज 5,0 के संबंध में नए कानून व विभिन्न हेल्प लाईन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरित करते हुए बताया गया, कि महिलाएं अपनी एवम अपने परिवार की रक्षा केसे कर सकती है।थाना देवबंद की टीमें लगातार बाजारों, गली मौहल्लो एवम स्कूल/कालेजों में पंपलेट देकर इन महत्वकांक्षी योजनाओ की जानकारियां दे रही है।आपको यह भी बता दें, कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान फेज-5,0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा बालिकाओं एवम महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है।थाना देवबंद की पुलिस टीमें लगातार महिलाओं/बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के दृष्टिगत जागृत करने के उद्देश्य से मुख्य बाजार एवं मुख्य चौराहों पर पैदल गश्त कर महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरूक करने का काम कर रही है।



# बालकृष्ण की माखन चोरी से लेकर सूर्पनखा प्रसंग तक, रामपुर डूबा भक्ति रस में

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर**। शुक्रवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड सिर्फ एक मैदान नहीं रहा, बल्कि ऐसा लगा मानो धरती पर अयोध्या उतर आई हो। ग्यारहवें दिन का श्रीरामलीला महोत्सव श्रद्धा, कला और अध्यात्म का ऐसा संगम बनकर सामने आया जिसने हर किसी के दिल पर अमिट छाप छोड़ दी।

सुबह का आगाज हुआ भगवान श्रीकृष्ण की रास और निकुंज लीलाओं से। नन्हें बालकृष्ण की माखन चोरी की अदाएं देखकर बच्चों की हंसी ठहाकों में बदल गई, तो वहीं बुजुर्गों की आंखें भक्ति से छलक उठीं। माहौल ऐसा था कि हर कोई खुद को वृंदावन की गलियों में महसूस कर रहा था। जैसे ही सूरज ढला, रामलीला मैदान रंगीन रोशनियों से नहा उठा। 8:30 बजे मंच पर आए वृंदावन के कलाकारों ने ऐसी जीवंत प्रस्तुतियां दीं कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। भारत जी का चित्रकूट प्रस्थान, पादुका प्राप्ति, सती अनुसुइया मिलन, पंचवटी का जीवन और सूर्पनखा नासिक छेदन जैसे प्रसंगों ने हर किसी की आत्मा को झकझोर दिया। मंचन के साथ गूंजते ह्लजय श्रीरामह्व के नारों ने वातावरण को और अधिक दिव्यता से भर दिया। भीड़ का उत्साह इतना था कि तालियों की गड़गड़ाहट बार-बार मंचन को रोक देती और कलाकारों को मुस्कुराकर झुककर आशीर्वाद स्वरूप वह प्रेम स्वीकारना पड़ता। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन सना खानम, एसके अग्रवाल और मामून शाह का समिति की ओर से शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल समेत नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। ग्यारहवें दिन का यह अध्याय न केवल रामकथा की गहराई तक ले गया बल्कि आने वाले दिनों के लिए उत्सुकता और रोमांच भी कई गुना बढ़ा गया। सच कहा जाए तो यह महोत्सव अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे शहर के लिए आध्यात्मिक उत्सव और सांस्कृतिक धरोहर बन चुका है।

## अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज व थाना कोतवाली का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर**। अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज व थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली एवं मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।निरीक्षण के पश्चात अगामी त्यौहार, अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था, मिशन शक्ति अभियान-5 तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना गंज व थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण/भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त की गयी । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना गंज व कोतवाली मय पुलिस बल उपस्थित रहे ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर**। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण तथा अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं से आच्छादित कक्षा 9, 10, 11 व 12 के छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

इस दौरान मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति के ष्छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रमष के सजीव प्रसारण को अधिकारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा देखा और सुना गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने जनपद के कक्षा 9-10 के 2701 और कक्षा 11-12 के 939 समस्त वर्गों के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण किया।



इस प्रकार जनपद के अनुसूचित जाति/जनजाति के 547 छात्रों को सामान्य वर्ग के 193 अन्य पिछड़ा वर्ग के 2216 और अल्पसंख्यक वर्ग के 684 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें तथा अपने माता-पिता, विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करें। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति वितरण कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी इसका लाभ प्राप्त करने से वंचित न रहे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा0 नितिन मदान, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री सूरज कुमारी, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती अंजलि अग्रवाल, शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## गागलहेड़ी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने पेश की मानवता की मिशाल बुजुर्ग महिला को खाना खिलाया

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी



सहारनपुर गागलहेड़ी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा की इस दरियादिली की चर्चा जोरो पर इस सराहनीय कार्य को देखकर गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा की क्षेत्र में हो रही है प्रशंसा पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था ही नही बनाती, बल्कि जरुरतमंदो की भी मदद करने में सक्षम है। गागलहेड़ी थाना प्रवेश शर्मा ने मानवता की मिशाल पेश की है-भूख से बेहोश हुई बुजुर्ग महिला को खाना खिलाया और थैले में खाने का सामान देकर घर तक सुरक्षित छोड़ा है।वही गरीब बजुर्ग महिला ने पुलिस को धन्यवाद किया है।पुलिस एन्टी रोमियो टीम महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली निकाल रही थी।कस्बे में स्कूल से आने जाने वाली छात्राओ को जागरूक किया जा रहा था-तभी एक बुजुर्ग महिला गागलहेडी तिराहे पर भूख से बेहोश होकर गिर गयी वही मौके पर गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा मय एन्टी रोमियो टीम के साथ पहुंचे तथा बुजुर्ग महिला को चौकी मे बैठाकर खाना खिलाया और खाने का राशन खरीदकर दिया। बुजुर्ग महिला ने पुलिस का धन्यवाद दिया पुलिस की दरियादिली देख कस्बे वासि की जमकर सराहना की जा रही है।

# राज्य महिला आयोग सदस्य संगीता जैन अग्रवाल उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगली छोइया पहुंची

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर** : मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य महिला आयोग सदस्य संगीता जैन अग्रवाल मुख्य अतिथि बनकर उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगली छोइया पहुंची। स्कूल में विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने बच्चों के स्किल की सराहना की। आपको बता दे उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति फेज 5 चल रहा है इसी के चलते जनपद बिजनौर के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगली छोइया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग सदस्य संगीता जैन अग्रवाल पहुंची। छात्र औ? छात्राओं ने संगीता जैन अग्रवाल का जबरदस्त स्वागत किया । कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगली के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षा का महत्व बतलाया। कार्यक्रम के दौरान छात्र एवम छात्राओं से संगीता जैन अग्रवाल से शिक्षा सम्बंधित सवाल भी पूछे और उनका हौसला अफजाई किया । इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगली छोइया में संगीत जैन अग्रवाल के साथ-साथ ग्राम प्रधान पत्नि अर्चना देवी मुख्य अध्यापिका रचना खन्ना जी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




# ग्राम नियामताबाद में दुर्गा नवरात्रि पूजन व कीर्तन समारोह सम्पन्न

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**स्योहारा**। ग्राम नियामताबाद में ओंकार सिंह के आवास पर दुर्गा नवरात्रि पूजन के अवसर पर भव्य कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्रामवासी अपने परिवार सहित सम्मिलित हुए और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन-कीर्तन की मधुर धुनों के बीच वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया।

इस अवसर पर मनोज सिंह डागर भी विशेष रूप से उपस्थित रही। उन्होंने कीर्तन में भाग लेकर माता रानी के साथ-साथ अपने बड़े परिवारजनों का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। कार्यक्रम में ग्राम नियामताबाद के पूर्व प्रधान श्याम सिंह, चंद्रावती देवी, ओंकार सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित समस्त परिवार मौजूद रहा।



## इंजीनियर कवीश राणा ने रामलीला मेला का फीता काटकर किया उद्घाटन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा शर्मा

**नूरपुर** : क्षेत्र के गांव हसुपुरा रोशनपुर में श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में रामलीला महोत्सव का क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी इंजीनियर कवीश राणा ने पूजन कर विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। रामलीला कमेटी ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी इंजीनियर कवीश राणा ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला का महोत्सव देश की संस्कृति का प्रचार करना है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शो से प्रेरणा लेकर उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। रामलीला केवल धार्मिक आयोजन के साथ-साथ सामाजिक एकता संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है।

# पंचायत निर्वाचक नामावली में गलतियों की भरमार




वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद**। जनपद मुरादाबाद की ग्राम पंचायत 56 बहेड़ी ब्रह्मनान की बी.एल.ओ. के प्रयोगार्थ उपलब्ध कराई गई पंचायत निर्वाचक नामावली में गलतियों की भरमार देखी जा रही है। मतदाता अपना नाम संशोधित कराने के लिए परेशान हो रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्र में फोटोस्टेट मशीन उपलब्ध न होने के कारण साक्ष्य स्वरूप अपने आधार कार्ड की फोटोस्टेट कॉपी लाने के लिए शहर एवं कस्बे की ओर दौड़ लगा रहे हैं। मतदाता सूची में अनेक नामों में गलतियां हैं जैसे राधेश्याम का राधोश्याम, राकेश का राकेशा, अंशु का अन्तु, शिवकुमार का शाविकुमार, आर्येन्द्र का आरेन्द, नितीश का निक्की आदि देखी जा रही हैं। त्रुटिपूर्ण नाम होने से मतदान प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावना रहती है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से आधार कार्ड पर दर्ज नाम के अनुरूप मतदाता सूची में नाम संशोधित करने की मांग की है ताकि आगामी चुनाव में मतदान करते समय कोई समस्या न हो।

# एक दिन की प्रधानाचार्य बनीं कक्षा बारह की छात्रा भूमि चौहान

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर** : ग्राम रामोरूपपुर स्थित बाल कल्याण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा बारह की छात्रा भूमि चौहान को विद्यालय के प्रधानाचार्य रामोतार सिंह ने एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया। ग्राम रामोरूपपुर स्थित बाल कल्याण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक दिन की प्रधानाचार्य बनी भूमि चौहान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे दैनिक जीवन में साफ सफाई का बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान भूमि चौहान ने विद्यालय की बालिकाओं को उनको मिले अधिकारों के बारे में जागरूक किया। सरकार की ओर से विभिन्न फोन नंबर के बारे में बालिकाओं को अवगत कराया। भूमि चौहान ने प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठकर सर्वप्रथम विद्यालय में अनुशासन, शिक्षा, छात्र व छात्राओं की वेशभूषा, शैक्षिक कार्य वस्तुओं का रख रखाब आदि बिंदुओं का अवलोकन करते हुए शिक्षक एवं कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों द्वारा आई विभिन्न शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया। प्रधानाचार्य भूमि चौहान एवं उनकी सहायक अध्यापिकाएं गुंजन राजपूत, दिया चौधरी, रीतिका, निसिका पाल व प्रेरणा राजपूत ने कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी विज्ञान गणित व सामान्य विज्ञान विषयों का अध्यापन का अध्यापन कार्य कराया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## स्वच्छ भारत दिवस, स्वच्छ उत्सव के अंतर्गत पौधारोपण किया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

नूरपुर : देवता महाविद्यालय में संचालित एनसीसी के कैडेटस द्वारा स्वच्छ भारत दिवस₹ स्वच्छ उत्सव ₹ के अंतर्गत एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। साथ ही एनसीसी परेड ग्राउंड की साफ सफाई की गई एवं ग्राउंड में लगे पेड़ों की गुड़ाई आदि की गई।

इस अवसर पर सीटीओ डॉ राजीव कुमार के नेतृत्व में सभी कैरेट्स ने बड़े उल्लास के साथ कार्य को सफल बनाया और शपथ ली कि इस कार्यक्रम को वे दोहराते रहेंगे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में कैडेट्स अवस्थय प्रताप, उदय कुमार, अनिकेत चौहान, दानिश, रवि कुमार, अभय यादव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भूपेंद्र कुमार महाविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ राशिद खान, पदम सिंह आदि उपस्थित रहे।



# शिक्षक स्कूल के बच्चों को अपने बच्चों की तरह प्यार व सम्मान दें: मोहित कुमार

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर-टांडा के नेकपुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के मार्गदर्शन में शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों का पांच दिवसीय फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (एफएलएन) प्रशिक्षण जारी है ।शुक्रवार को अंतिम बेच के प्रशिक्षण का पहला दिन था। पहले दिन संदर्भदाताओं ने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों की विस्तृत जानकारी दी, ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि और आत्मविश्वास बढ़ाया जा सके।

खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार ने प्रशिक्षण हॉल में पहुंचकर शिक्षकों की उपस्थिति जांची और प्रशिक्षण की प्रगति का जायजा लिया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप अपने स्कूल के बच्चों को अपने बच्चों की तरह प्यार और सम्मान दें। अच्छा व्यवहार बच्चों को नियमित स्कूल आने और सीखने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षण सामग्री (टीएलएम) का उपयोग करने, बच्चों की जिज्ञासा का सम्मान करने और उन्हें सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करने की सलाह दी। मोहित कुमार ने जोर देकर कहा कि जोर-जबरदस्ती या मारपीट की बजाय प्यार से उदाहरण देकर बच्चों को समझाना चाहिए, ताकि उनका आत्मविश्वास बढ़े।

प्रशिक्षण में संदर्भदाता केआरपी नवनीत कुमार विश्नोई, एआरपी श्रवण कुमार, विनय कुमार, वसीम राजा, मोहम्मद अनीस, सुभाष चंद्र और पारुल जैन ने विभागीय दिशानिर्देशों के अनुसार शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। संदर्भदाताओं ने आकर्षक और प्रभावी शिक्षण तकनीकों पर जोर देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया।

## मामूली विवाद में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**सिद्धार्थनगर।** नगर लोहिया कला भवन के पास कुछ युवकों ने आजाद नगर निवासी जावेद पर चाकू से हमला कर दिया। इससे उसका हाथ कट गया। गंभीर हाल देखते हुए उसे माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से गोरखपुर कर दिया गया। पीड़ित की मां का आरोप है कि नकदी और मोबाइल छीनने का विरोध करने पर हमला किया गया। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि तीनों दोस्त हैं और एक साथ बैठे थे, तभी किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद मारपीट और चाकूबाजी हो गई। नगर के आजाद नगर निवासी जैबुन निशा पत्नी फिरोज अहमद निवासी आजाद नगर का आरोप है कि उसका पुत्र जावेद घर से निकला था। तभी लोहिया कला भवन के पास कुछ लोग उसका मोबाइल और पांच हजार रुपये नकदी छीनने लगे। विरोध करने पर चाकू से हमला कर दिया।

# प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य देवव्रत के बेटे की हादसे में मौत पत्नी व भाई घायल

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य देवव्रत जी महाराज के तीन वर्षीय मासूम बेटे की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बेटे की तबीयत खराब होने के बाद परिवार के लोग उसे उपचार के लिए कुंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। परंतु परिजनों को लगा की मृत्यु नहीं हुआ है प्रयागराज ले जा रहे थे, तभी मलाका के पास कार डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे में आचार्य देवव्रत जी महाराज की पत्नी, भाई, भाई की पत्नी और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य में काफी सुधार है चिंता जनक स्थिति नहीं है। आचार्य देवव्रत प्रतापगढ़ में हथिगवां थाना क्षेत्र के परसीपुर बटौआ के रहने वाले हैं। उनकी कथा होलागढ़ इलाके में चल रही है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है ।इस बीच जानकारी मिलते ही सुबह प्रातः काल लखनऊ से जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने आचार्य देवव्रत जी महाराज के निज निवास पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना कीइस घटना से आसपास के जनपदों में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रतापगढ़, कौसाम्बी, जौनपुर समेत आसपास के जनपदों के हजारों लोग परिजनों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। लोगों में घटना को लेकर गहरा दुख और शोक है।

## संदिग्ध व्यक्ति को मारने से मना करने पर मारपीट कर किया घायल

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के मुडिला निवासी एक युवक ने कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले मे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अरशद सिद्दीकी ने शुक्रवार को सदर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह बृस्पतिवार रात पौने 11 बजे मोहल्ले के पोखरे पर मंदिर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति भागते हुए नजर आया , बताया कि मैने उसे रोक कर पूछताछ की तो उसने रोमापार का निवासी बताया मैने रोमापार पता किया तो वह व्यक्ति संदिग्ध लगा , मैने तुरत एसएचओ के पास फोन कर जानकारी दी तो मौके पर पुलिस पहुंच रही है कहा गया। इसी बीच वहां पर भीड़ इक्कठा होने लगी , तभी गांव निवासी पशुपति नाथ दुबे, अरविंद दुबे, अभिषेक दुबे व उनके चाचा और उनके चाचा के लड़के गोलबंद होकर उस संदिग्ध व्यक्ति को मारने लगे , मैने उन सभी को रोका कि मारो मत पुलिस आ रही है मैने बुलाया है। मेरे द्वारा इतना कहना था कि उक्त लोग रॉड व डंडे से मुझे मारने लगे बीच बचाव करने पहुंचे मेरे भाई अरशद हुसैन, आजाद हुसैन , अब्दुल कादिर मेराज हुसैन व कुर्बान हुसैन को भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की जांच करके कार्रवाई की मांग की है ।इस संबंध में एसओ दुर्गा प्रसाद ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# सशक्त नारी की तरह हर जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ें

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिये चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत दानघाटी मंदिर के समीप कैनोपी लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। शुक्रवार को गोवर्धन थाने की महिला चौकी प्रभारी निशिता शर्मा, एसआई विनय बौद्ध, एसआई सुनीता सिंह ने दानघाटी मंदिर के सामने कैनोपी लगाई और महिलाओं और छात्राओं को सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

हिंसा से पीड़ित महिलाओं-बालिकाओं को काउंसलिंग और रेफरल सुविधा उपलब्ध कराना, बालिकाओं को साइबर हिंसा, यौन शोषण से बचाव और सचेत करना, पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक व सचेत करना, किशोरियों के साथ हैल्दी रिलेशनशिप व जीवनशैली पर अभिभावकों को जागरूक करना शामिल रहा।

सरकार द्वारा संचालित सरकारी हेल्पलाइन नम्बर 1090 व अन्य पर किसी भी विषम परिस्थिति में कॉल कर हेल्प लेने के बारे मे जानकारी दी। सशक्त नारी की तरह हर जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ने की बात कही। बताया गया कि इन सभी हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को भी अवगत कराएं, ताकि वो किसी भी समस्या में इन नबरों पर कॉल कर पुलिस की मदद ले सकें। जिससे कि आपराधिक घटनाओं पर लगाम लग सके।

## आठ गोवंश बरामद, तस्कर फरार

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के मेंहदीगंज (मड़ई) के पास से एक पिकअप गाड़ी से आठ गौवंश बरामद कर लिया वही मौके से तस्कर भाग निकले। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी व एसआई अविनाश सिंह पुलिस टीम के साथ रिंग रोड के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि मेंहदीगंज (मड़ई) के पास एक पिकअप में पशु लादकर तस्कर कही भागने के फिराक में है ।जिसपर पुलिस सक्रिय हुई और घेराबंदी किया तो तस्कर पिकअप वाहन छोड़कर भाग निकले ।पिकअप में पांच बेल व तीन गाय लदी हुई थी। पुलिस ने पिकअप व पशु को कब्जे में लेकर तस्कर के तलाश में जुट गई ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है जल्द तस्कर गिरफ्तार कर लिये जाएंगे।

## शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका धारा गुप्ता सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मथुरा/बलदेव।** विकास खंड बलदेव के ब्लॉक संसाधन केंद्र स्थित सभागार में आयोजित प्रधानाध्यापक - खंड शिक्षा अधिकारी मासिक समीक्षा बैठक में पूर्व माध्यमिक विद्यालय गढ़सौली की प्रभारी प्रधानाध्यापक धारा गुप्ता को उनके सराहनीय शैक्षिक योगदान के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव कौशल कुमार द्वारा सम्मान प्रतीक अंगवस्त्र उढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह के रूप में छविचित्र भेंटकर हेड ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रधानाध्यापकों को अभिप्रेरित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षक समाज का वास्तविक निमार्ता होता है। जिस प्रकार दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, उसी प्रकार शिक्षक अपने परिश्रम और ज्ञान से विद्यार्थियों के जीवन को उज्ज्वल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय की प्रगति और उपलब्धियां शिक्षकों के अथक परिश्रम और समर्पण का ही परिणाम हैं।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़ में कक्षा-कक्ष का किया लोकार्पण



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में मिशन शक्ति फेस 5 के तहत शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़ में दो अवशेष अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का लोकार्पण जूनियर नेशनल वर्ष 2022 (जम्मू कश्मीर), यूनिवर्सिटी गेम (नार्थ जोन) वर्ष 2022 (हिमाचल प्रदेश) वर्ष 2023, (कश्मीर, श्रीनगर), वर्ष 2024 (हरियाणा) अवध यूनिवर्सिटी से योग्यता प्राप्त खिलाड़ी नेहा गौड़ के द्वारा जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रजत कुमार चौरसिया की मौजूदगी में किया गया। डाक्टर रजत कुमार चौरसिया ने बताया की अतिरिक्त कक्ष के बनने से पीएचसी के कार्यालय के काम करने में स्वास्थ्य कर्मी को सुविधा होगी। इस मौके पर प्रथामिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़ अधीक्षक अनूप जयसवाल, शत्रुघ्न यादव, गीता देवी एवं आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# महिला की मौत, भाई ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र के बंडिया गांव में एक 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जिसके बाद महिला के मायके पक्ष ने उसके पति पर दहेज की मांग, मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

मृतका के भाई रियाज अहमद ने बताया है कि तीन साल पहले उसकी बहन की शादी देवरनिया थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी इमरान से हुई थी। शादी के बाद से ही पति उसे मायके से 10 लाख रुपये लाने का दबाव बनाता था। यही नही दहेज की मांग को लेकर वह अक्सर उसके साथ मारपीट भी करता था। मृतका के भाई का आरोप है कि इमरान अपनी पत्नी को इंदौर भी ले गया था और वहां भी उसके साथ मारपीट की गई, कुछ दिन पहले वह पत्नी को साथ लेकर वापस बरेली आया। जिसके बाद गुरुवार को दोनों के बीच फिर झगड़ा हुआ। इसी दौरान महिला की मौत हो गई। रियाज ने आरोप लगाया है कि इमरान ने उसकी बहन को मारकर फांसी पर लटका दिया। जब परिवार मौके पर पहुंचा तो शव जमीन पर पड़ा मिला। घर के लोग फरार हो गए थे और दो छोटे बच्चे अकेले कमरे में थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका अपने पीछे दो मासूम बच्चों को छोड़ गई है। भाई ने पति इमरान के खिलाफ पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में लिखित तहरीर दे दी है।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

वेलकम इंडिया



**मथुरा/** बलदेव। बलदेव में अग्रवाल सेवा समिति के तत्वाधान में गुरुवार को महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव अग्रवाल रिसोर्ट में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

अग्रवाल सेवा समिति के मीडिया प्रभारी तुलसी राम ने बताया कि जयंती महोत्सव की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व सादाबाद के विधायक देवेंद्र अग्रवाल, संत शिरोमणि बालयोगी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बलदेव एवं अग्र बन्धुओं ने अपने आराध्य महाराजा अग्रसेन तथा कुलदेवी माता लक्ष्मी के चित्रपट के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण करके की।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवेंद्र अग्रवाल एवं संत शिरोमणि बालयोगी महाराज ने महाराजा अग्रसेन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाराजा अग्रसेन श्री कृष्ण के समकालीन एवं भगवान राम के पुत्र कुश की 34 वीं संतान थे ।उनके द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों को समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

महोत्सव में बाल कलाकारों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं, बाल कलाकारों एवं समस्त अग्र बन्धुओं को उपहार एवं पटुका पहना कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लकी ड्रॉ के द्वारा प्रथम इनाम रेफ्रिजरेटर, द्वितीय इनाम वाशिंग मशीन एवं तृतीय इनाम एल ई डी टीवी सहित सैकड़ों की संख्या में आकर्षक इनाम बांटे गए। महोत्सव में कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने की तथा संचालन संजीव अग्रवाल, पवन गोयल एवं बलदेव अग्रवाल ने किया इस दौरान, अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, विनोद गर्ग, सुनील गर्ग, डिंपल गोयल, जितेंद्र गर्ग, आशीष गर्ग, सुरेंद्र गर्ग, राजीव अग्रवाल, पदम अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, अतुल जिंदल राकेश अग्रवाल आदि रहे।

## कृष्ण जन्म स्थान मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को



**मथुरा।** शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से ईदगाह मस्जिद को हटाने वाले केस में सुनवाई हुई, सूट 7 की तरफ से एडवोकेट ए पी सिंह ने रुक्मणी को पार्टी बनाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। न्यायालय अगली सुनवाई पर इस प्रार्थना पत्र विचार करेगा। शुक्रवार को हिंदू पक्ष में एक दूसरे में बहस हुई,,हिंदू पक्ष के कई पक्ष कार चाहते हैं कि उनको सभी 18 केसों का प्रतिनिधि बनाया जाए, माननीय न्यायालय ने सभी हिंदू पक्षकारों को सुनने के बाद में अगली सुनवाई के लिए 9 अक्टूबर की डेट लगा दी है।

## छात्रवृत्ति वितरण समारोह का किया गया सीधा प्रसारण

**बुलंदशहर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जय प्रकाश यादव द्वारा अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा शुक्रवार को लखनऊ स्थित जुपिटर हॉल, इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के कक्षा 9-10 एवं कक्षा 11-12 के छात्र/छात्राओं को स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

# एनीमिया मुक्त समाज को बनाने के लिए समाज के सभी व्यक्तियों का योगदान आवश्यक है: डॉ मधु गुप्ता

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान३ के तहत, जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह के मार्गदर्शन में बरेली को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिसके चलते सीबीगंज इंटर कॉलेज में हीमोग्लोबिन डिटेक्शन और मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के लिए विशेष शिविर आयोजित किए गए।

इन शिविरों का आयोजन डॉ. मधु गुप्ता, एमओआईसी सीबीगंज के नेतृत्व में किया गया, जिसमें हृदेश, मनमोहन, सरिता, एलटी श्रवण कुमार और सरस्वती की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मधु गुप्ता ने बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसे लेकर शर्म या झिझक महसूस नही करनी चाहिए। इस प्रक्रिया में नियमित रूप से सैनिटरी नैपकिन या टैम्पोन का उपयोग करें और उन्हें समय पर बदलें। शरीर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और हाथों को साबुन से नियमित रूप से धोएं। मासिक धर्म के दौरान दर्द या असहजता होने पर डॉक्टरों से परामर्श लें।

# दो बैग यूरिया देकर चढ़ाए 42 कट्टे, क्षेत्रीय सहकारी समिति सींगापट्टी के सचिव ने किया 1018 बैग का घपला

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मगोर्रा थाना क्षेत्र सहकारी समिति एम.पैक्स.सींगापट्टी के सचिव द्वारा 26 किसानों के अंगूठे लगवा कर यूरिया खाद के 1018 कट्टों का गोलमाल कर दिया। किसानों को दिया तो एक या दो कट्टा ही गया लेकिन उनके नाम पर 40 से 42 कट्टे चढ़ गए। सचिव के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3-7 के अन्तर्गत थाना मागोर्रा में 21 अगस्त को जिला कृषि अधिकारी द्वारा एफआईआर 266/2025 दर्ज कराई है। सहकारी समिति एम.पैक्स. सींगापट्टी के सचिव रामवीर सिंह ने गत अगस्त में जैसे ही 20 किसानों को बेचे गये खाद का डाटा अपलोड किया चोरी पकड़ में आ गयी। उनके द्वारा 26 किसानों के नाम पर 40 से 42 बोरा यूरिया चढ़ा रखा था। इस तरह के घपलों पर सीधे भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय स्तर से निगरानी की जाती है और पकड़ में आते ही संबंधित राज्य और जिला स्तरीय अधिकारी को कार्यवाही को भेजा जाता है।

जैसे ही किसानों का डाटा अपलोड हुआ घपले की जानकारी अधिकारियों को हो गयी। जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने सहायक विकास अधिकारी कृषि गोवर्धन से स्थलीय जांच कराई। जांच में जरूरत से ज्यादा खाद पाने वाले किसानों से जब पूछा गया तो जांच अधिकारी भोंचक यह गये। सचिव द्वारा किसानों को दिए तो एक से दो-तीन बैग ही थे लेकिन पीओएस मशीन पर अंगूठा लगवा कर 40 से 42 बैग चढ़ा दिए। इस तरह सचिव ने करीब 1018 बैग की गड़बड़ी कर दी। बताते चलें कि धान की फसल के लिए किसानों को 267 रुपए कि यूरिया बैग 400 तक में खरीदना पड़ा। साथ ही किसानों को यूरिया के साथ जिंक, जायम आदि सिमान जबरन लेना पड़ा। यह काम खाद बनाने वाली कंपनियों से शुरू होकर फुटकर विक्रेता तक किया गया। इसका असर आम किसान पर ही पड़ा।

# बरेली में मचा बवाल, उपद्रवियों ने किया पथराव, हुई जमकर तोड़फोड़

## आई लव मोहम्मद विवाद ने पकड़ा तूल, जुमे की नमाज के बाद सड़क पर उतरी भीड़, पुलिस का लाठीचार्ज; मौलाना तौकीर रजा खां नजरबंद

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**





**बरेली।** आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर विरोध प्रदर्शन ने शुक्रवार को बरेली की फिजा बिगाड़ कर रख दी। पुलिस प्रशासन के अनुमति रद्द करने और लाख समझाने के बावजूद मौलाना तौकीर रजा खां नहीं माने। उनके बुलावे पर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आये। पुलिस ने उन्हें जब रोकने और समझाने का प्रयास किया, तो भीड़ में शामिल कुछ खुराफाती तत्वों ने प्रदर्शन की आड़ में पुलिस और बाजार में दुकानदारों पर पथराव शुरू कर दिया। जिसके बाद दुकानों में तोड़फोड़ होने लगी। हालात को काबू करने के लिये पुलिस ने उपद्रवियों पर लाठीचार्ज कर दिया।

डीआईजी अजय साहनी के नेतृत्व में एसएसपी अनुराग आर्य, डीएम अविनाश सिंह, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी अंशिका वर्मा, एसपी मुकेश मिश्रा, एसपी अकमल खान की टीमों ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये बलपूर्वक भीड़ को सड़कों से खदेड़ दिया। जिसके बाद बरेली शहर की पुलिस ने शहर को छावनी में तब्दील कर दिया। बवाल और उपद्रव की सूचना पर शहर के बाजार बंद होने लगे। बरेली शहर के आलमगिरीगंज, बांसमंडी, सिविल लाइंस, बड़ा बाजार, कुतुबखाना, बिहारीपुर में दुकानों के धड़ाधड़ शटर गिरने लगे। इस्लामिया मैदान से लौटते वक्त उपद्रवियों ने कुमार टॉकीज के पास और आजमनगर में भी पथराव कर दिया। जिस पर पुलिस ने बलपूर्वक उन्हें खदेड़ दिया।

इस घटना के बाद पुलिस ने दो दर्जन से ज्यादा उपद्रवियों को हिरासत में ले लिया है। आपको बता दें कि आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर मौलाना तौकीर रजा खां की कॉल पर शुक्रवार को भीड़ सड़कों पर उतरी। मस्जिदों से निकलकर लोग हाथों में तख्तियां और झंडे लिए नारेबाजी करते हुए इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान की ओर बढ़ने लगे।

जैसे ही भीड़ खलील तिराहे पर पहुंची तब पुलिस ने उन्हे रोका, तो माहौल गरमा गया। जिस पर भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। इस घटना में दो बाइकें तोड़ी गईं और एक दुकान पर तोड़फोड़ की गई। अचानक हुए बवाल से पूरे इलाके में भगदड़ मच गई। सड़क पर चारों ओर चप्पलें, पत्थर और टूटे वाहनों के शीशे बिखरे पड़े थे। अफरातफरी का आलम यह रहा कि खलील तिराहे से लेकर बिहारीपुर चौकी तक हालात बेकाबू हो गये। जिसे पुलिस ने बड़ी कोशिश के बाद संभाला। बिहारीपुर चौकी के पास पुलिस हालात पर काबू करने में देर तक जूझती रही।

# नमो भारत कॉरिडोर पर एनसीआरटीसी ने आरंभ की ड्रोन-आधारित ओएचई मॉनिटरिंग

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर ड्रोन-आधारित ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) मॉनिटरिंग प्रणाली की शुरूआत की है, जो रेलवे, आरआरटीएस और मेट्रो प्रणालियों के रखरखाव के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। एनसीआरटीसी की यह पहल उसके सुरक्षित, कुशल और सतत ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के प्रयासों को और सुदृढ़ करती है।इस ड्रोन द्वारा की जाने वाली मॉनिटरिंग का प्रबंधन कॉरिडोर के संचालन और रखरखाव में एनसीआरटीसी के पार्टनर, डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसके मेंटिनेंस फ्रेमवर्क के रूप में किया जाएगा।

हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों, थर्मल सेंसर और एआई-संचालित एनालिटिक्स से लैस ये ड्रोन, स्मार्ट, सुरक्षित और तीव्र ढंग से ओएचई की मॉनिटरिंग करने में सक्षम हैं। ये ड्रोन ओवरहेड लाइनों के डीटेल्ड दृश्य कैप्चर करते हैं, इनके माध्यम से सटीक और बिना किसी हस्तक्षेप के निरीक्षण किया जा सकता है, और ओएचई की ढीली फिटिंग, इन्सुलेशन संबंधी समस्याओं या हॉटस्पॉट जैसी समस्याओं के शुरूआती संकेतों का पता लगाया जा सकता है। इस डेटा-ड्रिवन दृष्टिकोण द्वारा असेट के हेल्थ मैनेजमेंट को सुदृढ़ किया जा सकता है, यह उनकी परिचालन दक्षता को बढ़ाता है, और यात्रियों के लिए निर्बाध सेवा सुनिश्चित करने में मदद करता है। इसके साथ ही, यह लाइव-लाइन से सीधे संपर्क करने की आवश्यकता को समाप्त करता है और मैन्युअल जाँच पर निर्भरता को कम करता है। इससे पहले मैन्युअली ओएचई निरीक्षण किया जाता था। इस प्रक्रिया में न सिर्फ. अधिक समय खर्च होता था बल्कि इसके लिए बड़ी संख्या में कर्मचारियों की भी आवश्यकता होती थी। इसके साथ ही इस प्रक्रिया के दौरान अक्सर परिचालन को रोकना या अस्थायी रूप से बंद करना पड़ता था, जिससे सेवा बाधित भी हो सकती थी। एनसीआरटीसी और डीबी आरआरटीएस, नियमित की जाने वाली मैन्युअल जाँच के बजाए डेटा-ड्रिवन, पुवार्नुमानित रखरखाव द्वारा, नमो भारत के परिचालन में अधिक विश्वसनीयता, बेहतर सुरक्षा और कम डाउनटाइम सुनिश्चित कर रहे हैं।

# राजकुमार सिसौदिया बने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के वरिष्ठ जिला मीडिया प्रभारी



**मथुरा/चौमुहां।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संगठन में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए राजकुमार सिसौदिया को वरिष्ठ जिला मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय संगठन के उद्देश्यों और नीतियों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए लिया गया है। उनकी इस नई जिम्मेदारी पर संगठन के कई वरिष्ठ सदस्यों और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सत्यपाल सिंह, लाखन सिंह, भूपेंद्र सोलंकी, विक्रम सैनी, धर्मेन्द्र सिंह, जितेंद्र मोहन भारद्वाज, सौरभ सिसौदिया, चेतन सिंह, गिर्राज सिंह आदि शामिल रहे। सभी ने उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन के मीडिया कार्य को नई गति मिलेगी।

# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता को 20 साल की कैद

**मेरठ।** टीपीनगर थाना क्षेत्र में नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म के आरोपी पिता को अदालत ने शुक्रवार को 20 साल का कठोर कारावास सुनाया। इसके साथ ही 17 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना न देने पर आरोपी को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।मामला 14 अगस्त 2020 का है। आरोपी अमित जिंदल पुत्र रामानंद निवासी इस्लामनगर, मलियाना पर अपनी ही नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोप था। पीड़िता की मां की तहरीर पर थाना टीपीनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश और एएसपी क्राइम की निगरानी में पुलिस टीम ने केस की पैरवी की। अभियोजन अधिकारी आकाश अग्रवाल, कोर्ट मोहर्रिर डिम्पल राणा, प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा, पैरोकार अनमोल कुमार और अवधेश कटारा ने सुनवाई कराई। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट-तृतीय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन कनविक्शन के तहत अपराधियों को सख्त सजा दिलाने के लिए लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है।

# एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनी इंटर की छात्रा, दिये सुझाव



**मिजार्मुराद।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित किसान इंटर कालेज में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत शुक्रवार को एक अनूठी पहल की गई। कालेज की 12 वीं की छात्रा सुषमा पटेल को एक दिन के लिए कालेज का प्रधानाचार्य बनाया गया। कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. शिवराज मिश्रा ने सुषमा को नियुक्ति पत्र सौंपा और उन्हें कार्यालय का चार्ज दिया। सुषमा ने अपने जिम्मेदारी को बखूबी से निभाया। उन्होंने सभी अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। कालेज में पठन-पाठन की व्यवस्था का निरीक्षण किया और सुधार के लिए सुझाव दिए।सुषमा ने सभी कक्षाओं का दौरा किया और छात्र-छात्राओं से उनकी पढ़ाई संबंधी समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने शिक्षकों के साथ बैठक की। इस दौरान समय पर विद्यालय पहुंचने और कक्षाओं में नियमित पढ़ाई पर जोर दिया। कालेज के राष्ट्रपति से पुरस्कृत प्रवक्ता सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि यह पहल मिशन शक्ति अभियान के तहत की गई है। इसका उद्देश्य बेटियों का मनोबल बढ़ाना और महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूकता फैलाना है।इस अवसर पर कालेज के अध्यापक विमल सिंह, संजीव सिंह गौतम, आशीष मिश्रा, प्रियंका सिंह, अंजू देवी, रितु सोनकर, जितेंद्र नाथ, वीरेंद्र मौर्या, उमाशंकर राम समेत समस्त लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान को लेकर निकाली रैली

**बुलंदशहर।** अहार थाना पुलिस ने थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण फेज फाइव के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में सर्वोदय किसान इंटर कालेज की छात्राओं ने गांव शिकोई प्रत्येक मौहल्ले के रास्तों से होकर रैली निकाली।

## पुलिस को मानवीय दृष्टिकोण दिखाना पड़ा भारी

**बागेश्वर।** थाना कपकोट में पंजीकृत मुकदमें में पेशी को ले जाते समय एक आरोपी मित्र पुलिस की मानवीय पहल का फायदा उठाकर शौचालय करने के बहाने पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था।जिसके बाद पुलिस टीम अब तक आरोपी की खोजबीन नही कर पायी है।पुलिस अभीरक्षा से भाग जाने के कारण सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को लापरवाही बरतने के कारण पुलिस अधीक्षक चन्द्र शेखर घोड़के द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है।जिसमें थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर किया गया है।जबकि सुरक्षा में तैनात पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।वही थानाध्यक्ष के तौर पर लाइन हाजिर किए गए उपनिरीक्षक की अब तक कि पुलिस विभाग में तैनाती होने होने से अब तक उनका कार्यकाल सराहनीय रहा है। जहां भी उनकी तैनाती हुई है वहा आमजनमानस से बेहतर संवाद स्थापित करते हुए बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित कराई गई है।

# मेरठ में हुए चर्चित ब्लू ड्रम मर्डर केस की मुख्य आरोपी मुस्कान इन दिनों जेल में अपने अलग अंदाज से चर्चा में है

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में बंद मुस्कान ने नवरात्र में व्रत रखना शुरू कर दिया है। जेल अधिकारियों के अनुसार वह नियमित रूप से सुंदरकांड का पाठ करती है और रामायण सुनती है।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बताया कि मुस्कान को विश्वास है कि भगवान की भक्ति से उसकी जमानत की राह आसान हो जाएगी। मुस्कान आठ महीने की प्रेग्नेंट है और उसकी इच्छा है कि वह भगवान श्रीकृष्ण जैसे बच्चे को जन्म दे. जेल प्रशासन ने बताया कि उसकी दवाइयां और डॉक्टर द्वारा लिखी गई एक्स्ट्रा डाइट नियमित दी जा रही है।

मुस्कान पर आरोप है कि उसने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ की हत्या कर दी थी. हत्या के बाद शव को टुकड़ों में काटकर नीले ड्रम में भरकर सीमेंट से सील कर दिया गया था। पुलिस जांच के बाद मुस्कान और साहिल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# मिलेट्स की जानकारी को किसानों का भ्रमण दल प्रयागराज रवाना

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी मिजार्मुराद।** काशी विद्यापीठ -उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रदेश के अन्दर अध्ययन भ्रमण हेतु जनपद के 50 कृषकों का भ्रमण दल श्रीअन्न (मिलेट्स) की जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केंद्र प्रयागराज एवं सैम हिंगिनबाटम कृषि प्रोद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय नैनी प्रयागराज के लिए शुक्रवार को कृषि भवन कलेक्ट्री फार्म से बस द्वारा रवाना हुआ।उपरोक्त केंद्रों पर वाराणसी के किसानों का दल आगामी पांच दिनों में मोटे अनाज (मिलेट्स) के फसल उत्पादन की पद्धति, मिलेट्स से बनने वाले उत्पादों, मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट आदि पर फील्ड विजिट, प्रशिक्षण के माध्यम से श्रीअन्न की उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करेगा। कृषकों के उक्त भ्रमण दल मे चिरईगांव, चोलापुर, हरहुआ, पिंडरा, बड़ागांव, काशी विद्यापीठ विकासखण्ड के 6-6 एवं सेवापुरी व आराजीलाईन के 7- 7 कृषक शामिल हैं।

उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल ने बस को हरी झंडी दिखाकर प्रयागराज के लिए रवाना किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से अपील किया कि अध्ययन भ्रमण के दौरान जो भी जानकारी प्राप्त करें उसे अपने आस-पास के किसानों के बीच साझा करें। इस दौरान कृषि विभाग के योजना सहायक आशीष प्रकाश, पंकज श्रीवास्तव, आशुतोष, बलवन्त सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बैंक खातों में छात्रवृत्ति राशि पहुंचने पर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं से आच्छादित कक्षा 9, 10, 11 व 12 के छात्र/छात्राओं को उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत पहली बार फरवरी-मार्च के स्थान पर नवरात्र के पवित्र दिनों में सितंबर माह में ही छात्रवृत्ति का वितरण जुपिटर हॉल इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ से बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से किया गया। राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) विद्यालयों/शिक्षण संस्थानों में किया गया जिसका सजीव प्रसारण छात्र-छात्राओं द्वारा देखा व सुना गया। जनपद के सम्बन्धित विद्यालयों/शिक्षण संस्थानों जिनके छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की गयी है। पूर्वदशम् (कक्षा 9, 10) में (अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक) 5606 छात्र/छात्राओं को 119.05 लाख की धनराशि वितरित की गई है। दशमोत्तर (कक्षा 11, 12) में (अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक) 2104 छात्र/छात्राओं को 54.52 लाख की धनराशि वितरित की गई है। जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत पूर्वदशम् (कक्षा 9, 10) में (अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक) 2468 छात्राओं एवं दशमोत्तर (कक्षा-11, 12) में (अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक) 1189 छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की गई है।

# पीएम के जीएसटी रिफॉर्म के फैसले से पूरे देश में खुशी की लहर पूरा देश मना रहा बचत उत्सव : जगदीप रेढू

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उकलाना विधानसभा मीडिया प्रभारी जगदीप रेढू ने जीएसटी रिफॉर्म नेक्स्ट जनरेशन के विषय पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया।सबसे पूर्व पत्रकार वार्ता आरंभ होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीप रेढू ने प्रदेशवासियों को नवरात्र प्रारंभ होने की शुभकामनाएं दी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जगदीप रेढू ने बताया कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व सौंपा। आज ग्यारह वर्ष सरकार को जनता की सेवा करते हुए हो गए है। पूरे प्रदेश में एवं देश में चहुमुखी विकास हुआ।जन जन की भागीदारी सुनिश्चित की गई। हर जन हर वर्ग विकास कार्यों से संतुष्ट हुआ। 25 करोड़ के लगभग की आबादी जो गरीबी रेखा से ऊपर आई। उनके दैनिक जीवन में सबका साथ सबका विकास की नीति के कारण विकास हुआ। 3 सितंबर को वित विभाग भारत सरकार की 56वी बैठक हुई। जनता के हित में एक बड़ा ऐतिहासिक कदम उठाया गया ओर जीएसटी रिफॉर्म करने का फैसला किया गया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एवं हर वर्ग हर जन बचत उत्सव मना रहा है। हर जन हर वर्ग में खुशी की लहर है। इस जीएसटी रिफॉर्म से हर वर्ग, हर जन को अत्यधिक लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिक को सरल वातावरण देने का हरसंभव प्रयास किया है और वे राष्ट्र सेवा में निरंतर लगे हुए है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा लाडवा में जाकर व्यापारियों का फीडबैक लिया सभी उपस्थित लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया। इसी तरह सभी सांसद, मंत्री, विधायक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकर्ता जाकर व्यापारियों का फीडबैक ले रहे है।22 सितंबर को सूर्योदय होते ही देश की जनता को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया है।भारतीय जनता पार्टी पूरा सप्ताह बचत उत्सव मनाएगी।

## 29 सितंबर को होगी 21 वाहनों की नीलामी

**मथुरा/चौमुहां।** जैंत थाने में 29 सितंबर को एक नीलामी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कानूनी मामलों के तहत जब्त किए गए 21 वाहनों की नीलामी की जाएगी। यह नीलामी प्रक्रिया सुबह 10 बजे थाना परिसर में शुरू होगी, जहां इच्छुक खरीददार बोली लगाकर इन वाहनों को अपने नाम कर सकते हैं। थाना प्रभारी जैंत उमेश चंद्र त्रिपाठी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। यह समिति नीलामी की पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेगी ताकि पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। ये वाहन लंबे समय से थाने में खड़े थे और अब कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन्हें सरकारी नियमों के अनुसार नीलाम किया जा रहा है। नीलामी से प्राप्त राशि को सरकारी खजाने में जमा किया जाएगा।

# धामी राज में 15 लाख में पेपर बिक्री का नारा

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड वेरोजगार संघ के बैनर पर जिले में वेरोजगार सँगठन से जुड़े युवाओ ने लोक सेवा आयोग द्वारा कराई गई परीक्षा में पेपर लीक का मामला प्रकाश में आने के बाद युवा वर्ग आक्रोशित है।राज्य में अलग अलग स्थानों में पेपर लीक प्रकरण का मामला प्रकाश में आने के बाद युवाओं ने प्रदेश सरकार के नकल विरोधी कानून, और आयोग के अध्यक्ष से परीक्षा के दौरान कैसे परीक्षा पत्र की गोपनीयता भंग हुई।

बेरोजगार संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश पांडे के नेतृत्व में अपना रोष जताते हुए स्टेशन रोड से तहसील मुख्यालय तक दर्जनों युवाओं ने जनाक्रोश रैली निकाली। युवाओं ने धामी राज में पेपर विक्री 15 लाख का नारा, देकर, कहा गया वो सख्त नकल विरोधी कानून, क्यों युवाओ के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़, हाकम सिंह पर क्यों मेहरबानी, प्रदेश हम सभी का--, नही सहेंगे अपने भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को के नारे बुलंद करते हुए मेहनत कश युवाओ ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध जनाक्रोश रैली निकाली।

युवाओं ने सभा करते हुए कहा कि नौकरी के लिए दिन रात एक कर अपने सुनहरे भविष्य का संकल्प लिए तैयारी करते हैं, प्रदेश में नकल के मुखिया पैसों में पेपर को बेच कर करोड़ो के बारे न्यारे कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जबकि प्रदेश सरकार सख्त नकल विरोधी कानून का दावा करते हैं।नही सहेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को, सरकार की जिम्मेदारी है, इस्तीफा दो मुख्यमंत्री इस्तीफा दो,, पेपर लीक पर तत्काल मुख्यमंत्री से मामले की सीबीआई जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

युवा वेरोजगारों को अपना समर्थन देते हुए कांग्रेसी नेताओं ने युवाओं के भविष्य से हुए खिलवाड़ को निंदनीय बताया।कांग्रेस नेता राजेन्द्र टँगड़िया ने प्रदेश सरकारमें बीजेपी नेता हाकम सिंह सरकार के संरक्षण से पेपर लीक से करोड़ो की कमाई करने में मशगूल है, और सरकार जनाक्रोश के बाद कार्रवाई का दिखावा करती है।

# छात्र संघ चुनाव में कौन मारेगा मैदान

**वेंलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** छात्र संघ चुनाव की तिथि नजदीक आते ही छात्र संघ प्रत्याशी अपनी जीत के लिए जी तोड़ मेहनत में लग गए हैं।वही प्रत्यासी अब डोर टू डोर छात्रों से सम्पर्क बनाकर अपने समर्थन में मतदान करने हेतु अपील भी कर रहे हैं। छात्र संघ चुनाव में मुख्य मुकाबला अभाविप और एनएसयूआई के बीच होगा। लेकिन टिकट नहीं मिलने से नाराज छात्र नेता चुनावी मैदान में उतर गए हैं।

छात्रों को आकर्षित करने के लिए प्रत्यासी और उनके समर्थक अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।ऐसे में चुनाव अवश्य दो छात्र सँगठन के बीच लड़ा जाता है पर अधिकांश छात्र छात्राएं दलगत आधार के बजाय प्रत्यासी की नेतृत्व क्षमता को देखकर मतदान करते हैं।हालांकि छात्र सँगठन से जुड़े छात्र छात्रों को लुभाने के लिए कार्यक्रम भी कर चुके हैं। पर अब चुनाव होना है आखिरी दिन छात्र नेताओं ने खूब मेहनत की।वही छात्र सँगठन से जुड़े छात्र नेताओं के अलावा पूर्व छात्रसंघ नेता रहे और भाजपा कांग्रेस से जुड़े युवा नेता भी अपने समर्थित सँगठन के समर्थन में प्रचार में जुटे रहे।वही चुनाव में अभाविप एनएसयूआई और अन्य में कौन चुनाव जीतने में सफल होंगे ये चुनाव परिणाम आने के बाद ही स्पष्ट होगा। बागेश्वर कैम्पस में चुनाव में अभाविप से नाराज होकर छात्र नेता अध्यक्ष पद पर दावेदारी की है।

# प्रभारी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज-5 .0 अभियान के अंतर्गत समीक्षा बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** प्रभारी जिलाधिकारी जयप्रकाश की अध्यक्षता में शासन की मंशा के अनुसार जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 का प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभिन्न विभागों द्वारा उनके विभाग से संबंधित योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने एवं जनपद की महिलाओं/बालिकाओं को विभिन्न विभागों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं/विषयों पर उन्हें जागरूक करने से संबंधित बैठक विगत दिवस देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी जिला अधिकारी जयप्रकाश ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं से संबंधित जागरूकता विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, इस संबंध में सभी संबंधित विभागीय अधिकारीगण तिथिवार अपनी कार्य योजना बनाकर मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। प्रभारी जिलाधिकारी ने महिला कल्याण, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पुलिस विभाग, जिला पंचायती राज, राजस्व, परिवहन व ग्राम्य विकास विभाग सहित समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शारदीय नवरात्रि के अवसर पर तिथिवार महिला सशक्तिकरण, सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर महिलाओं को बताया जाए, उन्हें जागरूक किया जाए कि सरकार महिला सुरक्षा, सम्मान एवं उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए, साथ ही साथ महिलाओं/बालिकाओं के कल्याण एवं हित के लिए कौन-कौन से कार्यक्रम चल रही है।

प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों के दौरान इस बात पर भी विशेष ध्यान दिया जाए की जिन महिलाओं ने किसी क्षेत्र विशेष में अच्छा कार्य किया है उनकी सक्सेस स्टोरी बनाकर प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे अन्य महिलाओं/बालिकाओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र विशेष में बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं/बालिकाओं को सम्मानित भी किया जाय।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार दो मजदूर घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी साइकिल सवार दो मजदूरों को नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी साइकिल सवार दोनों मजदूर घायल हो गए राहगीरों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी मंगल और राजेश कस्बे के ही किरणपाल मालिक के यहां मजदूरी का कार्य करते हैं। शुक्रवार को दोनों मजदूर साइकिल पर सवार होकर कार्य करने के लिए जा रहे थे नेशनल हाईवे पर दोनों साइकिल सवार मजदूरो को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों की चीख पुकार सुनकर सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने 112 पुलिस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# एसवीएन डांस एकेडमी द्वारा डांडिया नाइट का भव्य आयोजन: डॉ० संदीप रहे मुख्य अतिथि

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति एवं एस.वी.एन. एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में डांडिया नाइट सीजन-7 का आयोजन लक्ष्मी गार्डन में किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी और सजीव प्रस्तुतियों के बीच हुए इस कार्यक्रम में शहरवासियों ने गरबा और डांडिया की धुनों पर जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी एवं उनकी धर्मपत्नी सपना सरावगी साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में संजीव श्रंगीऋषि, रोहित पाण्डेय व संजय पटवारी ने शिरकत की। अतिथियों ने डांडिया नृत्य की शुरूआत कर उपस्थित जनसमूह का उत्साह बढ़ाया।

इस मौके पर एस.वी.एन एकेडमी के संस्थापक डॉ. पुनीत श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता और उल्लास का संदेश देते हैं। आयोजक सौरभ सिंह ने विशेष नृत्य प्रस्तुति की तैयारी कराई, जबकि आयोजक रवि गुप्ता ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और देर रात तक डांडिया-गरबा का आनंद लिया। कार्यक्रम को मंच से संबोधित करते हुए डॉ. संदीप सरावगी ने कहा डांडिया नाइट जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति की आत्मा को सजीव करते हैं। यह केवल नृत्य नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का उत्सव है। हमें अपनी परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना चाहिए। मैं एस.वी.एन. एकेडमी को इस सुंदर आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

## उर्स-ए- सकलैनी में झाँसी से बरेली के लिए रवाना हुआ कारवां




**झांसी।** आज व तारीख 26/9/2025 हजरत शाह मोहम्मद सकलैन मियाँ हुजूर रहमतुल्लाह अलैह का दूसरा उर्स- ए- सकलैनी के पुर नूर मुबारक मौके पर हजरत शाह सकलैन एकेडमी ऑफ इंडिया जोन झाँसी के मोहतरम सदर जनाब तौसीफ हुसैन की सरपरस्ती में झाँसी से बरेली शरीफ के लिए सकलैनी कारवां रवाना हुआ कारवां में जाने बाले नगरा प्रेम नगर, नौ नम्बर, शहर, सीपरी बाजार, नन्दन पुरा, बबीना, राजगढ़, हंसारी, से तमाम पीर भाईयों ने कसीर तादाद में शिरकत की हजरत शाह सकलैन एकेडमी ऑफ इंडिया जोन झाँसी की जानिब से सभी पीर भाईयों के लिए नास्ता और खाने का अहतमगया भी किया गया।

## नारद महाराज ने प्रतिष्ठान का फीता काटकर किया शुभारंभ



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** परमहंस आश्रम, शक्तेषगढ़ के वरिष्ठ संत नारद महाराज का शुक्रवार की दोपहर कछवांरोड़ चौराहा स्थित न्यू गणेश टेलीकाम पर आगमन हुआ।महाराज ने प्रतिष्ठान का फीता काटकर शुभारंभ किया।भक्तों ने ढोल-नगाड़े संग पुष्प वर्षा कर महाराज का स्वागत किया।शिष्यों ने महाराज का दर्शन कर फूलों की माला पहनाने के बाद चरणों मे शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वागत करने वालो में निशु तिवारी, गणेश प्रसाद गुप्ता, दिलीप उर्फ सोनू गुप्ता, विजय गुप्ता, संदीप पटेल, रमेश, राहुल सिंह, अभिमन्यु सिंह, अभिनव, विशाल यादव, शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' (पत्रकार), सभाजीत यादव समेत अन्य शामिल रहे।

## थानाध्यक्ष का पदभार सम्हाल छात्रा मीना ने पूरे दिन चलाया दुधारा थाना



**संतकबीरनगर।** मिशन शक्ति अभियान को प्रमोट करने के उद्देश्य से शुक्रवार को दुधारा थाना क्षेत्र के गांव दरियाबाद निवासिनी व नेशनल इंटर कालेज मूड़ाडिहा बेग की कक्षा-11 की छात्रा मीना ने दुधारा थानाध्यक्ष का पदभार संभाला। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के गांवों का भ्रमण कर जानकारी ली। फरियादियों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित को आवश्यक निर्देश भी दिए। एक दिन की थानाध्यक्ष मीना ने कहा कि लड़कियां लड़कों से काम नहीं है। लड़कियां दुनिया का कोई भी काम कर सकती हैं। उसने कहा कि मेरे लिए गौरव की बात है कि मुझे एक दिन का थानाध्यक्ष बनने का अवसर मिला। इस दौरान थानाध्यक्ष दुधारा इन्द्र भूषण सिंह, उपनि. अनिल मिश्रा, आरती सिंह, दुर्गेश कुमार, रंजन सिंह, संगीता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पति पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक महिला को उसके पति ने मारपीट कर घायल कर घर से निकाल दिया महिला ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी महिला आसमिन बताया कि उसका पति आए दिन पीड़िता का शारीरिक मानसिक उत्पीड़न करता है। दोपहर के समय वह अपने घर पर बैठी हुई थी, आरोप है कि तभी पति मुरसलीन ने मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया, मारपीट के दौरान पीड़िता घायल हो गई घायल महिला ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद पति के विरुद्ध थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला

# सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को किया जागरुक

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत बृहस्पतिवार को आदर्श जनता इंटर कालेज पचपेड़वा में बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा कि आत्मसम्मान के साथ किसी प्रकार का समझौता न करे, किसी प्रकार की कोई समस्या होने पर अपने अभिभावकों और विद्यालय को जरूर बताये। इस दौरान छात्राओं को

उनके अधिकारों के विषय में एवम् उनके सहयोग हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। सुविधा हेतु पैंपलेट्स वितरण कर लिखे नंबरो को याद रखने की आवश्यकता एवम् उपलब्ध करायी जाने वाली तत्काल सहायता के विषय में बताया। साथ ही बालिकाओं को दी गुड टच-बैड टच की बालिकाओ को जागरुक करने के उद्देश्य से जानकारी दी गयी कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा चाहे वह कोई परिचित हो अथवा परिचित के द्वारा किसी भी स्थान पर बालिका को किसी भी प्रकार से छूने पर बालिका को अप्रिय स्थिति प्रतीत होती है तो वह तत्काल उस स्थान से हटकर जैसा भी उचित लगे अपने माता-पिता/सहेली/अध्यापिका अथवा पुलिस को अवश्य बताये ताकि उक्त व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक चेतावनी/कार्यवाही की जा सके।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार शुक्ल, रवि शंकर राय, शेषपाल सिंह, गौरी त्रिपाठी, जया दुबे, अनिल द्विवेदी, दीपक ,बृजेश श्रीवास्तव, राजन, अखिलेश, संदीप सिंह, शेषमणि, अभय शंकर, सुल्तान नूरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# अरीबा हसन बनी एक दिन की प्रधानाचार्य



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू के कंपोजिट विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा आठ की छात्रा अरीबा हसन को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक बनाया गया।

एक दिन की प्रधान अध्यापक के द्वारा विद्यालय की समस्त कक्षाओं का अवलोकन किया एवं विद्यालय में छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, कक्षा कक्ष में साफ सफाई, खाने से पहले हाथ धोने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानाध्यापक कक्ष में बैठकर विद्यालय के समस्त अभिलेखों का अवलोकन किया, एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन नीलम राणा सहायक अध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने एक दिन के लिए बनी प्रधानाध्यापक द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन करने के लिए अभिवादन के साथ आश्वस्त किया।

### मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत

# छात्रा ममता को एक दिन का सांकेतिक प्रधानाचार्य बनाया

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** शासन के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं में स्वावलंबन व मनोबल ऊंचा बनाए रखने के क्रम में आज पीबी गर्ल्स इंटर कालेज खलीलाबाद की कक्षा 12 की छात्रा कुमारी ममता को एक दिन का सांकेतिक प्रधानाचार्य बनाया गया।

प्रधानाचार्य के पद पर बैठकर ममता को बहुत अच्छी अनुभूति हुई। प्रातः प्रार्थना सभा में आदर्श वाक्य बोला, बच्चों को पठन-पाठन के लिए निर्देशित किया, कक्षा कार्य व गृह कार्य के लिए स्वच्छता अभियान से संबंधित बच्चों को संकल्प दिलाया, स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर आज विद्यालय में चिकित्सक की टीम आयी थी उनके साथ बच्चों को संयमित ढंग से अनुशासित तरीके से जांच करवाने में भी अपना पूरा सहयोग दिया। विद्यालय की छात्रा कुमारी ममता बहुत ही शालीन और अनुशासित छात्र है, उसने आज पूरे दिन प्रिंसिपल का कार्य कर बहुत ही सुखद अनुभूति की। भविष्य में प्रिंसिपल बनने के लिए उसे प्रेरणा भी मिला उसने कहा मैं एक अच्छी प्रिंसिपल बनना चाहती हूं। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती रिचा श्रीवास्तव, सुमिता सिन्हा, शगुफ्ता परवीन, अनुराधा चौधरी, वंदना यादव, किरण बाला, सबीना बानो, राजमणि सहित सभी शिक्षिकाएं व विद्यालय के लिपिक अजीत पांडेय व गंगाराम आदि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांधला में स्वच्छ उत्सवरु थीम पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय रुमहात्मा गांधी की स्वच्छता विषयक दृष्टि,रखा गया। छात्राओं ने गांधीजी की स्वच्छता संबंधी दृष्टिकोण को निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने प्रथम स्थान, मानसी सैनी ने द्वितीय स्थान तथा महविश ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विजेताओं को शिक्षकों व सहपाठियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनका हौसला अफजाई कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इसी क्रम में मिशन शक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सीमा सिंह ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों एवं महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू एवं महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा सिंह के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और स्वच्छता व महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

# बकरी हटाने को लेकर हुई मारपीट चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव किवाना में गली में खंबे से बंधी बकरी को हटाने को लेकर दो भाईयों ने अपनी पत्नियों के साथ मिलकर वृद्ध महिला ओर उसकी दो बहुओं को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला के पुत्र ने आरोपियो के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी वृद्ध महिला बाला देवी ने बताया की वह अपने घर से जंगल में चारा लेने के लिए गई थी। महिला सर पर चारे की गठरी लेकर अपने घर आ रही थी। आरोप है कि गांव में मोहल्ले के लोगों ने अपनी बकरी खंबे से बांध रखी थी। आरोप है कि गली से निकलने में परेशानी हो रही थी, तो महिला ने बकरी को धकेलते हुए रास्ते से हटा दिया। आरोप है कि इस दौरान महिला रुबिना ओर अश्मिन ने बकरी हटाने का विरोध करते हुए वृद्ध महिला के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। शोर-शराबा होने पर आरोपी महिला के पति नौशाद ओर शहजाद पुत्र मांगा शैख भी मौके पर आ गए। आरोप है कि आरोपियों ने वृद्ध महिला को जाति सूचक शब्द कहने लगे। पीड़ित महिला के विरोध करने पर आरोपियो ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पीड़ित महिला की बहूं शिवानी ओर मधू भी आ गई। आरोप है किउनके साथ भी मारपीट की। मारपीट में पीड़ित सास-बहू घायल हो गए। पीड़ितों ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल वृद्ध महिला बाला को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एसएसपी ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर दिये दिशा-निर्देश

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर दिनेश कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण कर कर्मचारियों का टर्न आउट चैक किया गया एवं शस्त्रों को खोलना, अग्निशामक यंत्र प्रयोग करना, येलो टेप से घटनास्थल को संरक्षित करने आदि कवायत करायी गयी। परेड में सम्मिलित थानों की गाड़ियों एवं पीआरवी/डायल-112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर नाइट चैकिंग रजिस्टर चेक किया गया तथा पीआरवी गाड़ी पर मेडिकल किट, घटनास्थल को सुरक्षित करने हेतु येलो टेप, रेस्पांस टाइम को कम करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण के सम्बन्ध मे आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया, आदेश कक्ष में संबंधित को दिशा-निर्देश दिये गये तथा प्रतिसार निरीक्षक को पुलिस लाइन परिसर में हमेशा स्वच्छता रखने, सरकारी संपत्ति की देखभाल करने व अभिलेखों को अध्यावधिक कर संभालकर रखने सहित सरकारी वाहनों की समय-समय पर मेंटेनेंस/चैकिंग करने आदि आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर ऋजुल, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांधला।** महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग पीड़िता के परिजनों ने विगत गुरूवार को थाने पर तहरीर देकर गांव के युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी।महिलाओं एवं बच्चियों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को पुलिस ने इसी क्रम में दुष्कर्म के आरोपी शारुख पुत्र अलीशान निवासी ग्राम खन्द्रावली को गिरफ्तार कर लिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**बिजनौर** – जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई।जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक में उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्र अधिकारी पुलिस धामपुर तथा चांदपुर को भी पुलवामा सुनिश्चित करें ताकि समस्या का निस्तारण जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि यदि किसी तहसील स्तरीय शिकायत का निस्तारण समय पूर्वक नहीं किया जाता तो उन शिकायतों को उनकी अध्यक्षता में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विशेष रूप से प्रस्तुत करें ताकि यथासंभव शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया जा सके।उन्होंने सभी पूर्व सैनिक शिकायतकताओं की शिकायत को बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से कहा कि बैठक से नई एवं पुरानी निस्तारित एवं अनिस्तारित शिकायतों की विभागवार सूची के अनुसार प्रकरण विचार विमर्श के लिए बैठक में प्रस्तुत करें और जिन विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, उनको संज्ञानित करें ताकि सक्षम स्तर से शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, खेत तालाब में पानी की व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। जिस पर उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन आपकी शिकायतों के समाधान के लिये गंभीर है और सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ ससमय निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने ने पूर्व सैनिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन गंभीर एवं प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता, उपाधीक्षक पुलिस सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद थे।

# राम को वनवास,केवट संवाद देख दर्शक हुऐ भाव विभोर

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के नांगल सोती क्षेत्र के समीपवर्ती गांव सोफतपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में चल रहें रामलीला मंचन में स्थानीय कलाकारों द्वारा बीती रात्रि अपने रंगमंच के कार्यक्रम में राम को वनवास,राम केवट संवाद और दशरथ मरण की लीलाओं का मंचन किया गया जिसमें भगवान राम राजा दशरथ से वन को जाने की आज्ञा लेते हैं राजा दशरथ सुमंत को भगवान राम और लक्ष्मण को बनो तक छोड़ने को कहते हैं सुमंत उनको गंगा जी तक छोड़ आते हैं गंगा जी पर केवट अपनी नाव लिए खड़े हैं भगवान राम केवट से कहते हैं कि हमें गंगा पार करनी है हमें बनो को जाना है केवट भगवान राम को अपनी नाव में बैठाकर उनके चरणों को धूलकर गंगा पार कराते हैंभगवान राम लक्ष्मण और सीता के वियोग में राजा दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं इन सभी लीलाओं का मंचन बड़े ही सुंदर ढंग से कलाकारों द्वारा मंच पर दिखाया गया श्री राम का अभिनय मोहित, लक्ष्मण का अभिनय विपिन सैनी,सीता माता का अभिनय मांगे,सुमंत का अभिनय विकुल सिंह,,दशरथ का अभिनय नीरज शर्मा, कैकई का अभिनय दीपू,कौशल्या का अभिनय चेलाराम ने किया सभी कलाकारों ने डायरेक्ट अर्जुन सिंह की देखरेख में मंचन किया सहयोग में मुख्य रूप कपिल,अनुज, वीरेंद्र, अंकित देशवाल, लेखपाल,नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे

# विधायक ने जीएसटी दरों में की गई कटौती से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी साझा की




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने स्थानीय बाजार में व्यापारियों से भेंट कर केंद्र सरकार द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर जीएसटी दरों में की गई कटौती से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि यह सराहनीय निर्णय न केवल व्यापारियों और उपभोक्ताओं को सीधी राहत प्रदान करेगा, बल्कि ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न एवं ह्यमेक इन इंडियाह्न जैसे राष्ट्रहितकारी अभियानों को और अधिक गति एवं सशक्ति प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस कदम से स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी और उपभोक्ताओं को त्योहारी सीजन में बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, जितेंद्र चित्तौड़ा, अमित चौधरी, संजय चौधरी, नीरज चौधरी सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दिवंगत दो छात्रों याद में छात्रों ने मनाया काला दिवस, निकाला जुलूस

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** 1990 के आरक्षण आंदोलन के दौरान मोदीनगर में 26 सितम्बर को पुलिस की गोली से शहीद हुए दो छात्रों युवराज सिंह व संजय कौशिक की स्मृति में शुक्रवार को विद्यार्थियों ने काला दिवस मनाया। स्थानीय मुल्तानी मल मोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में स्थापित दिवंगत छात्र युवक युवराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके बाद वे जुलूस के रूप में मुख्य मार्ग से होते हुए गोविंदपुरी पहुंचकर छात्रों ने दिवंगत संजय कौशिक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। काला दिवस पर आज नगर के सभी शिक्षण संस्थान व व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। गोविंदपुरी से वापस लौटकर राज चौपले पर एकत्र छात्रों ने शासन-प्रशासन को संबोधित एक ज्ञापन विधायक डा0 मंजू शिवाच को सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से मांग की गई कि राष्ट्रहित में आरक्षण आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए घोषित किया जाए। दोनों दिवंगत छात्रों युवराज सिंह व संजय कौशिक को शहीद का दर्जा दिया जाए तथा राज चौपले को सरकारी दस्तावेजों में शहीद चौक विधिवत घोषित किया जाए। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से विधायक डॉ मंजू सिवाच, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व छात्र नेता पिकल गुर्जर, अनुराग प्रधान, प्रमोद कौशिक, राहुल गुर्जर,मोनू धामा, संजय भदोला, मनीष त्यागी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष योगेश तिवारी, आर्यन अमराला, प्रशांत, सतेंद्र तोमर, उत्तम त्यागी ,संजय चौधरी, विक्रांत सांगवान ,आशीष कौशिक सहित पर्याप्त संख्या में छात्र शामिल थे। जुलूस के दौरान शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एतिहात के तौर पर पुलिस बल तैनात रहा।

# गायत्री शक्ति पीठ नगवा के आचार्यत्व में सम्पन्न हुआ पुंसवन संस्कार




(संतोष कुमार सिंह)

- इनरव्हील क्लब ऑफ वाराणसी सेन्ट्रल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वैदिक परंपराओं संग मातृत्व की पावन अनुभूति

वाराणसी:- इनरव्हील क्लब ऑफ वाराणसी सेन्ट्रल के तत्वावधान में कबीर चौराहा स्थित टंडन नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार श्रद्धा और भावनाओं के बीच सम्पन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन गायत्री शक्ति पीठ नगवा की ट्रस्टी एवं आचार्या नीलम गुप्ता तथा आचार्या रजनी पाठक के आचार्यत्व में हुआ वैदिक मंत्रों की गूंज और आध्यात्मिक वातावरण ने सभी उपस्थित जनों को मातृत्व की पावन अनुभूति से भावविभोर कर दिया आचार्या नीलम गुप्ता ने कहा कि पुंसवन संस्कार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं,बल्कि मातृत्व और समाज के लिए भावनात्मक संबल है आने वाली पीढ़ियाँ तभी सशक्त होंगी जब हम उन्हें संस्कार और मूल्यों की नींव देंगे वहीं आचार्या रजनी पाठक ने कहा कि संस्कार हमें अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ते हैं इन्हीं से परिवार और समाज मजबूत बनते हैं( इनरव्हील क्लब ऑफ वाराणसी सेन्ट्रल शाखा की अध्यक्ष सुरभि देवा एवं सचिव संगीता शाह ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है ऐसे आयोजनों से हम न केवल परंपराओं को आगे बढ़ाते हैं बल्कि परिवार और समाज की नींव को और मजबूत करते हैं( अंत में सभी ने जीवन मूल्यों को आत्मसात करने और भारतीय संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का संकल्प लियो इस अवसर पर प्रमुख रूप से गायत्री शक्तिपीठ नगवा की अमरावती सिंह,हीरावती सिंह, इनरव्हील क्लब ऑफ वाराणसी सेंट्रल की कामिनी अग्रवाल,मधुरानी गुप्ता,डॉ. शालिनी टंडन,डॉ.अनुराग टंडन एवं अनेक माताएँ उपस्थित रहीं।

# 30 सितंबर को होगा श्योराण खाप सम्मान समारोह



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** गांव रोरी मे 30 सितंबर को होने वाले श्योराण खाप सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए गांव पट्टी मे बैठक का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह को यादगार बनाने के लिए सभी ने अपने विचार रखें। श्योराण खाप चौधरी बाबा परमेन्द्र आर्य ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 11 बजे से हो जायेंगे। कार्यक्रम मे सभी खाप चौधरियों का उद्बोधन रहेगा व सभी खाप चौधरियों को सम्मानित किया जायेगा। क्षेत्र के होनहार युवाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओ को भी सम्मानित किया जायेंगे सहभोज के उपरांत शस्त्र पूजन होगा व गतका खेल का प्रदर्शन किया जायेगा। उसके बाद कुश्ती दंगल रहेगा। पहलवान सदा से ही खाप कि आर्मी के रूप में कार्य करते रहे। इस बैठक मे कुलदीप श्योराण , नरेन्द्र श्योराण, संजय सिंह , सबोद कुमार, राजू सिंह, बिशन सिंह , परविन्दर नेता, अरविंद , सुधीर, कंवरपाल, जगपाल आदि।

# शक्ति उत्सव - डांडिया नाइट 2025 का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाज़ियाबाद में 25 सितंबर 2025 को शक्ति उत्सव - डांडिया नाइट 2025 का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। संस्थान की इस पहल ने विद्यार्थियों को मनोरंजन के साथ-साथ आपसी भाईचारे, ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का अनुभव प्रदान किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला की शुरूआत ताल-ए-थार से हुई, जिसमें मरुस्थलीय लयबद्ध नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात शोभायात्रा के रूप में छात्र-छात्राएँ मेजर ध्यानचंद ग्राउंड तक पहुँचे। ग्राउंड पर शुभ अर्चन के अंतर्गत पावन पूजा सम्पन्न हुई। इसके बाद दिव्य स्वागत के तहत भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। नृत्यांजलि झ डांस एक्स्ट्रावगेंजा में एक्सियन्स क्रू, गरबा ग्रूव्स और अभिपुरा समूहों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक विविधता और भारतीय परंपराओं को उजागर करते हुए रामायण नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत विशेष पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए।समापन अवसर पर रास-ए-रंग झ डांडिया उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उल्लास और उमंग के साथ गरबा एवं डांडिया प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को गरबा एवं डांडिया के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को करीब से अनुभव करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और सामूहिक उत्सव की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।कार्यक्रम पर निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन आईक्यूएसी डॉ. धौम्या भट्ट, डीन विज्ञान एवं मानविकी डॉ. नवीन अहलावत ,डीन एफएमएस, डॉ. विजयलक्ष्मी अयंगर तथा डीन रिसर्च डॉ. ए. गीता भवानी की उपस्थिति और मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामयी बनाया।

# आल इंडिया पब्लिक रिलेशंस सोसायटी का राष्ट्रीय अधिवेशन इस बार देहरादून में 13-15 दिसंबर को

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी :**- पब्लिक रिलेशंस सोसायटी का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजन आगामी 13 से 15 दिसंबर 2025 तक देहरादून में होगा पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र मेहता एवं चैप्टर के अध्यक्ष अनिल के जाजोदिया ने बताया कि इस बार देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय 47वें पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी की राष्ट्रीय अधिवेशन की थीम सशक्त विकास मूल्यों के संरक्षण के साथ जनसंपर्क का विजन 2047 के संदर्भ में होगी। अधिवेशन में अलग-अलग मुद्दों पर केंद्रित व्याख्यानों का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें संस्कृति,जनसंपर्क,मीडिया स्किल डेवलपमेंट,जन संचार,एथिक्स, इमर्जिंग इंडिया,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रेपुटेशन,आत्मनिर्भर भारत आदि मुद्दे शामिल होंगे।इस अवसर पर पीआरएसआई नेशनल अवार्ड विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे इनमें हाउस जर्नल (हिंदी),हाउस जनरल (इंग्लिश),न्यूजलेटर (इंग्लिश) न्यूज लेटर (हिंदी) ,ई-न्यूज लेटर,स्पेशल प्रेस्टीज पब्लिकेशन,कॉफी टेबल बुक,कॉर्पोरेट वेबसाइट,पब्लिक रिलेशंस इन एक्शन (केस स्टडी) मोस्ट इंप्रेसिव इवेंट मैनेजमेंट तथा वेस्ट पब्लिक अवेयरनेस प्रोग्राम, कॉर्पोरेट फिल्म (हिंदी), कॉरपोरेट फिल्म (इंग्लिश),सोशल मीडिया फार पीआर एंड ब्रांडिंग आदि कई प्रमुख श्रेणियों में नेशनल अवार्ड दिए जाएंगे इसके अतिरिक्त चैप्टर सचिव प्रदीप कुमार उपाध्याय ने बतलाया कि पब्लिक रिलेशन एजुकेशन के क्षेत्र में ह्यमोस्ट वैल्यू ऐडेड पब्लिक रिलेशंस प्रोग्राम,आउटस्टैंडिंग पीआर मॉस कम्युनिकेशंस इंस्टीट्यूट/ यूनिवर्सिटी,बेस्ट पब्लिक रिलेशंस /मास कम्युनिकेशन जर्नल,वेस्ट पब्लिक रिलेशन/मास कम्युनिकेशन बुक,कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के क्षेत्र में बेस्ट पीएसयू इंप्लीमेंटिंग सीएसआर,बेस्ट प्राइवेट सेक्टर ऑगेनाईजेशन इंप्लीमेंटिंग सीएसआर,वेस्ट सीएसआर प्रोजेक्ट फॉर चाइल्ड केयर,बेस्ट सीएसआर प्रोजेक्ट फॉर वोमेन डेवलपमेंट,आत्मनिर्भर भारत के तहत वेस्ट ऑगेनाईजेशंस एफोर्ट्स फॉर प्रमोटिंग आत्मनिर्भर भारत सहित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई नेशनल अवेयरनेस कंपैन एवार्ड तथा पुष्पेंद्र पाल सिंह मॉस कम्युनिकेशन एंड पीआर टीचर ऑफ ईयर एवार्ड के लिए भी गठित चयन कमेटी के स्क्रीनिग के उपरांत ही चयनित किया जाएगा ।

# मेहनत और लगन से जीवन की हर ऊँचाई को प्राप्त कर सकते है युवा - मनोज वर्मा

(संतोष कुमार सिंह )




**वाराणसी** :-17वां सात दिवसीय जनजाति युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 25 सितंबर 2025 से 1 अक्टूबर 2025 तक माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है यह कार्यक्रम विभिन्न प्रांतों से आए युवाओं के लिए ज्ञान,अनुभव और नेतृत्व कौशल को साझा करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रहा है कार्यक्रम का आज दूसरा दिन है और दिनभर प्रतिभागियों के लिए विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया दूसरे दिन के पहले सत्र में प्रतिभागियों ने अपने परिचय के साथ यहां आने का कारण साझा किया और संस्थान की व्यवस्था, परिसर एवं छात्रावास के बारे में अपने अनुभव प्रस्तुत किए सभी प्रतिभागियों ने परिसर की स्वच्छता,सुरक्षा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं की सराहना की दूसरे सत्र में अतिथि के रूप में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार,केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक मनोज कुमार वर्मा उपस्थित हुए उन्होंने प्रतिभागियों को अपने जीवन की सफलता की कहानी सुनाई और इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने व्यक्ति के विकास में हिंदी और अंग्रेजी भाषा की भूमिका और संचार कौशल के महत्व पर भी जोर दिया इसी क्रम में एकल विद्यालय के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने स्वतंत्रता के असली अर्थ को समझाते हुए इसे आत्मनिर्भर बनने से जोड़ा उन्होंने प्रतिभागियों को यह संदेश दिया कि हमें अपनी वास्तविक पहचान कभी नहीं छुपानी चाहिए और अपनी विरासत पर गर्व करना चाहिए उन्होंने महिला समानता, नेतृत्व और समाज में सक्रिय योगदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला आज के अंतिम सत्र में अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश दी, आइपीएस एवं उपनिदेशक,राजस्व एवं सूचना निदेशालय गौरव गुंजन, आइआरएस ने अपने जीवन संघर्षों की कहानी साझा की और प्रतिभागियों को आगे बढ़ने, चुनौतियों का सामना करने और व्यक्तिगत विकास के मूल मंत्र दिए ।

## श्री रामलीला समिति राजनगर

# वनवास के दौरान श्री राम ने मारे हजारों राक्षस लक्ष्मण ने काटी सूर्पनखा की नाक वेश बदल कर रावण ने किया सीता का हरण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्री रामलीला समिति की ओर से राजनगर में चल रही रामलीला में मंचन के दौरान श्री राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता के साथ वन-वन विचरण कर रहे हैं। वन में वह खरदूषण से युद्ध के दौरान अपनी मायावी शक्ति से एक साथ हजारों राक्षसों का वध करते हैं।

दूसरी ओर रावण की बहन सूर्पनखा की नाक लक्ष्मण जी के द्वारा काटने के बाद रावण के द्वारा सीता हरण, आदि प्रसंगों की प्रस्तुति की गईं। रामलीला मंचन के दौरान श्री राम माता सीता एवं लक्ष्मण के साथ वन - वन विचरण कर रहे हैं ।वन में रहने वाले तमाम राक्षस श्री राम के हाथों मरकर अपनी मुक्ति चाहते हैं।इसलिए वह राम को युद्ध के लिए ललकारते हैं। तब राम अपनी मायावी शक्ति को प्रयोग करके एक ही बाण से एक साथ हजारों राक्षसों का वध करते हैं।रावण की बहन सूर्पनखा वन में लक्ष्मण से हास - परिहास करती है, जिससे लक्ष्मण जी को गुस्सा आ जाता हैं और वह सूर्पनखा की नाक काट लेते हैं। अपमानित होकर सूर्पनखा अपनी बात छुपा कर अपने भाई रावण को जाकर लक्ष्मण के खिलाफ शिकायत करती है।बहन के अपमान से क्रोधित लंकापति रावण अपने मामा मारीचि के साथ षडयन्त्र रचता है।मारीचि सोने का मृग बन कर विचरण कर रहा है।तब सीता जी उस मायावी सोने के मृग को पकड़ने का आग्रह करती हैं। रामचन्द्र जी उस मायावी हिरण का शिकार करने वन में जाते हैं। वन में राम जी की कातर आवाज सुन कर सीता जी अपने देवर लक्ष्मण से आग्रह करती है कि वह जाकर श्री राम जी की मदद करें।तब लक्ष्मण जी एक रेखा खींच कर उस रेखा से बाहर नहीं निकलने का आग्रह करके राम जी की मदद के लिए वन में जाते हैं।तभी पीछे से रावण साधू का वेष धारण करके भिक्षा मांगने आता है।जैसे ही माता सीता लक्ष्मण जी द्वारा खींची गई रेखा को पार करती हैं उनका हरण कर लिया जाता है।इस मौके एन एच आई के चैयरमेन संतोष यादव मुख्य अतिथि के रूप में तथा भाजपा नेता कैप्टन विकास गुप्ता , रोटेरियन जेके गौड़, सुभाष जैन, दीपक गुप्ता आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल, पार्षद प्रवीण चौधरी, राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, सुभाष शर्मा, आलोक मित्तल, दीपक मित्तल , अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, सुन्दर लाल यादव, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री रेखा अग्रवाल, सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, जेपी राणा, श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती मंजू त्यागी, श्रीमती प्रीति मित्तल सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान-5.0 के तहत 42 हजार से अधिक बालिकाओं ने दिखाया नेतृत्व



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेशभर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को मिशन शक्ति विशेष अभियान 5.0 का शुभारंभ शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर किया गया। इसी क्रम में जनपद गाजियाबाद में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन पर शुक्रवार को "शक्ति कक्षा का मेगा आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अनूठे कार्यक्रम में जनपद के सीबीएसई, आईसीएसई और उत्तर प्रदेश बोर्ड से जुड़े विद्यालयों की छात्राओं ने एक दिन के लिए अध्यापिका और प्रधानाचार्या बनकर विद्यालयों की बागडोर अपने हाथों में ली और अपने आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

सुबह से ही विद्यालयों में बालिकाओं ने पूरी कमान संभाली। उन्होंने प्रार्थना से लेकर उपस्थिति दर्ज कराने, पठन-पाठन कराने, खेल गतिविधियाँ संचालित करने और विद्यालय के अनुशासन को बनाए रखने तक हर कार्य बखूबी निभाया।इस दौरान छात्राओं ने स्वच्छता अभियान भी चलाया और बच्चों को साफ-सफाई के महत्व से अवगत कराया। यह पहल छात्राओं में जिम्मेदारी का भाव, निर्णय लेने की क्षमता और टीम भावना विकसित करने का माध्यम बनी।बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने बताया कि जिले के 446 परिषदीय विद्यालयों, 23 सहायता प्राप्त विद्यालयों और 4 कस्तूरबा विद्यालयों में बालिकाओं ने एक दिन के लिए अध्यापिका बनकर विद्यालय संचालन का दायित्व संभाला। यही नहीं, कक्षा 1 से 8 तक के 1241 निजी विद्यालयों में भी यह कार्यक्रम संचालित हुआ।इस अवसर पर निपुण आकलन भी कराया गया, जिसमें छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेन्द्र श्रीवास ने बताया कि "शक्ति कक्षा में माध्यमिक स्तर पर भी बालिकाओं ने अपनी भूमिका निभाई। सीबीएसई और आईसीएसई से जुड़े 190 विद्यालयों तथा उत्तर प्रदेश बोर्ड के 236 विद्यालयों की कुल 42,305 छात्राओं ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।इनमें कक्षा 9 से 12 तक की 1641 कक्षाओं को छात्राओं ने पढ़ाया।

# नगर निगम ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव पास किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हुई कमी के मद्देनजर प्रदेश संगठन द्वारा सभी नगर निकायों के प्रमुखों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पेश करने का आह्वान किया गया था। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम की सदन की बैठक 24 सितंबर 2025 को आयोजित हुई, जिसमें महापौर सुनीता दयाल ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए त्रस्ज्ञ सुधारों पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

महापौर सुनीता दयाल ने अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश की संसद ने त्रस्ज्ञ की दरों में भारी कमी की है, जिससे आम नागरिकों और छोटे व्यापारियों को तुरंत राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम आम आदमी के खर्च को कम करने के साथ-साथ उसकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाएगा। सदन के सभी सदस्य इस प्रस्ताव का सम्मान करते हुए सर्वसम्मति से इसे पारित किया। महापौर ने सदन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह प्रस्ताव न केवल नागरिकों के लिए लाभकारी है, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में भी सहायक होगा। महापौर ने यह भी कहा कि देशभर के सभी नगर निकायों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जा रहा है, जो सरकार की संवेदनशीलता और आम जनता के हित के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

# गोबर से बने प्राकृतिक पेंट प्लांट का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा गोबर से पेंट बनाने के लिए तैयार किए गए प्राकृतिक पेंट प्लांट का शुभारंभ शुक्रवार को महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ब्लूमबर्ग मेयर चुनौती 2025 के अंतर्गत न्यूयॉर्क से आई तीन सदस्यीय विदेशी टीम भी उपस्थित रही। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम गोबर प्रबंधन की बड़ी चुनौती को स्थायी समाधान की दिशा में बदल रहा है।यदि गोबर का सही ढंग से प्रबंधन न किया जाए तो यह नालियों और सीवर जाम की गंभीर समस्या खड़ी कर देता है।इसी समस्या को अवसर में बदलते हुए निगम ने गोबर को जैविक उत्पाद प्राकृतिक पेंट के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि यह पेंट न केवल दीवारों और छतों पर लगाया जा सकता है बल्कि इसमें गोबर के प्राकृतिक शीतलन गुण भी मौजूद हैं।इससे छत का तापमान औसतन 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक कम किया जा सकता है। इसका सीधा लाभ शहरी वातावरण को ठंडा और आरामदायक बनाने में होगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि नगर निगम द्वारा डिस्टेंपर में 40 प्रतिशत इमल्शन और 30 प्रतिशत गोबर की मात्रा मिलाकर यह पेंट तैयार किया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी संस्थानों और स्कूलों में किया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस परियोजना से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा बल्कि नगर निगम की आय भी बढ़ेगी। निगम प्राकृतिक पेंट की ब्रांडिंग की भी योजना बना रहा है ताकि बड़े स्तर पर इसका उपयोग किया जा सके। गोबर से पेंट निर्माण की इस योजना में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को भी जोड़ा गया है। अब तक दो प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं और 25 से अधिक समूह इस कार्य में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इससे महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिलेगा। निगम ने बताया कि सरकारी स्कूलों की छतों पर इस इको-पेंट का उपयोग किया जाएगा। इसकी उच्च परावर्तक क्षमता के कारण गर्मी को प्रभावी ढंग से सोख लिया जाता है और बच्चों को तेज गर्मी से राहत मिल सकती है।

# संजय नगर मार्केट में दुकानदारों से मिले विधायक, घटे जीएसटी को बताया जनता और व्यापारियों के लिए बड़ा तोहफा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व एवं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के आह्वान पर चलाए जा रहे जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विधायक अजीत पाल त्यागी ने संजय नगर की मुख्य मार्केट में व्यापारियों से मुलाकात की। विधायक त्यागी ने दुकानदारों की उन्नति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि घटा हुआ जीएसटी बाजार में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय छोटे व्यापारियों और आम जनता दोनों के लिए राहतकारी साबित होगा।

विधायक व कार्यकताओं ने मार्केट की विभिन्न दुकानों पर जाकर ग्राहकों की जागरूकता के लिए स्टिकर लगाए। दुकानदारों ने इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग दिया और विधायक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने घटे हुए जीएसटी के माध्यम से व्यापारियों और उपभोक्ताओं को राहत देने का ऐतिहासिक कार्य किया है।निश्चित ही इसका सीधा लाभ आम जनता और छोटे व्यापारियों को मिलेगा। यह निर्णय मोदी सरकार की संवेदनशीलता और व्यापारी हितैषी सोच का प्रतीक है। इस अवसर पर विधायक त्यागी ने व्यापारियों और ग्राहकों से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें और वोकल फॉर लोकल को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।उन्होंने कहा कि जब हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम में महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मनवीर नागर, बिपिन गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, पार्षद कपिल वशिष्ठ, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, मनोज गिरी, तरुण शर्मा, धर्मेन्द्र चौधरी, उपेन्द्र राठी, किशन शर्मा, अजय वर्मा, रोहित चौधरी, सुमित नागर, अमित नागर सहित अनेक कार्यकर्ता और व्यापारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने 70 दुकानों के नोटिस तत्काल प्रभाव से निरस्त किए

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद मंडी समिति में पिछले माह 70 दुकानों को मंडी सचिव द्वारा नोटिस दिए जाने के प्रकरण में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने हस्तक्षेप करते हुए तत्काल प्रभाव से सभी नोटिस निरस्त कर दिए।इस निर्णय की घोषणा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित निर्णायक बैठक के दौरान की गई, जिसमें मंडी सचिव सहित संबंधित अधिकारियों और आढ़तियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान मंडी सचिव सुनील कुमार शर्मा ने जिलाधिकारी को जानकारी दी कि दुकानों के आवंटन का अधिकार दुकान आवंटन समिति के पास है, जिसका अध्यक्ष जिलाधिकारी ही हैं। समिति द्वारा आवंटित दुकानों का हस्तांतरण या क्रय-विक्रय किसी भी हालत में नहीं किया जा सकता।यदि कोई दुकानदार अपनी दुकान नहीं रखना चाहता है, तो उसे समिति को समर्पित करना होगा और उसके बाद ही पुनः आवंटन किया जा सकेगा। जिन दुकानदारों ने नियमों का उल्लंघन कर दुकानों का हस्तांतरण या क्रय-विक्रय किया था, उन्हें नोटिस जारी किए गए थे। बैठक में उपस्थित दुकानदारों और आवंटियों ने यह भी कहा कि 2008 से पूर्व आवंटित दुकानों के मामले में हस्तांतरण या क्रय-विक्रय से संबंधित कोई स्पष्ट नियम नहीं था और उस समय मण्डी सचिव के पास ही अधिकार निहित था। उन्होंने जिलाधिकारी से निवेदन किया कि उनके साथ न्याय किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी बयानों को ध्यानपूर्वक सुना और स्पष्ट किया कि नोटिस को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।

# हरप्रीत सिंह जग्गी को जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) का अतिरिक्त प्रभार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी ने एडवोकेट हरप्रीत सिंह जग्गी को उनके पूर्व के उत्कृष्ट कार्यों और प्रशासनिक अनुभव के आधार पर अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) के अतिरिक्त प्रभार के रूप में नियुक्त किया है। यह प्रभार अग्रिम आदेशों तक लागू रहेगा।इस अवसर पर समाज और न्यायिक क्षेत्र के कई प्रमुख व्यक्तियों ने श्री हरप्रीत सिंह जग्गी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समारोह में अल्पसंख्यक आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी. सिंह, गांधी नगर गुरुद्वारा के अध्यक्ष जगमोहन सिंह सलूजा, राजनगर गुरुद्वारा के महासचिव मनजीत सिंह सेठी, और कविनगर जी ब्लॉक से सरदार रविन्द्र सिंह जौली सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में हरप्रीत सिंह जग्गी की न्यायिक दक्षता, कर्तव्यपरायणता और प्रशासनिक अनुभव की सराहना की और कहा कि उनका यह अतिरिक्त प्रभार न केवल न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा बल्कि जनपद गाजियाबाद में दीवानी मामलों के निष्पादन में भी सहायक होगा।समाज के वरिष्ठ सदस्य और न्याय क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भी कहा कि हरप्रीत सिंह जग्गी की नियुक्ति न्यायिक क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव और पेशेवर अनुशासन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनके नेतृत्व एवं सेवाओं की सराहना की।हरप्रीत सिंह जग्गी की नियुक्ति न्यायिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जो जनपद में न्यायिक प्रशासन को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाएगी।

# आदर्श बृजवासी विप्र रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडल मथुरा के कलाकारों ने जीवंत रूप में प्रस्तुत की महाकाव्य लीला

**गाजियाबाद।** रामलीला मैदान गोल पार्क में आयोजित रामलीला महोत्सव के इस अवसर पर शुक्रवार को दर्शकों ने लक्ष्मण–परशुराम संवाद और धनुष यज्ञ की अद्भुत लीला का आनंद लिया। आदर्श बृजवासी विप्र रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडल मथुरा के कलाकारों ने अपने–अपने किरदारों के माध्यम से मंच पर कथा को जीवंत किया। इस कार्यक्रम में राम जी का रोल अभिषेक शर्मा, लक्ष्मण जी का रोल यश शर्मा, रावण का रोल भीम सिंह पंडित, मनोज शर्मा ने जनक जी का किरदार निभाया, जबकि परशुराम जी के रूप में लीला का मंचन हुआ। कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुति और संवादों की मार्मिकता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। धनुष यज्ञ के समय पूरे मैदान में हजारों राम भक्तों की उपस्थिति रही, जिन्होंने जय श्री राम के उद्घोष के साथ माहौल को और भी श्रद्धांजलि से भर दिया। इस अवसर पर मंच पर दिखाए गए पारंपरिक रीति–रिवाज और धार्मिक अनुष्ठान ने रामलीला प्रेमियों के बीच उत्साह और भक्ति की भावना को चरम पर पहुंचाया। रामलीला का मुख्य आकर्षण छोटे बच्चों के लिए झूले, पानी में नाव एवं रेलगाड़ी, ऊंट की सवारी तथा बड़े बच्चों और वयस्कों के लिए बड़े झूले और नया झूला चांद–तारा रहा। इसके अलावा, चटपटे स्टॉल ने दर्शकों को खाने–पीने और मनोरंजन का आनंद भी दिया। इस आयोजन में मुख्य संयोजक एस. पी. सिंह, अध्यक्ष रमाकांत पांडे, महामंत्री राम जी झा, सत्येंद्र परिहार, राकेश सूद, सुरेंद्र भारती, के. के. दुबे, धर्मेंद्र दुबे, राजेश शर्मा, संरक्षक कुसुम सिंह, सोनू मिश्रा, चंदन झा, भूपेंद्र मेहता, ललित मिश्रा, संजय सिंह, गंगा सिंह, नादिर अली, अजय कुमार, दिलीप गुप्ता और कन्हैया जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रामलीला का यह आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का था, बल्कि बच्चों और वयस्कों के लिए मनोरंजन और भक्ति का अद्भुत मिश्रण प्रस्तुत करने वाला साबित हुआ।

# बिना अनुमति टावर लगाने पर सख्त हुए डीएम



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनसुनवाई की।

इस अवसर पर नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, यूपीसीडा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें व प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए। लगातार बढ़ती भीड़ ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि आमजन जिलाधिकारी की जनसुनवाई को अपनी समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हैं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और गंभीरता से समझते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता नहीं होना चाहिए बल्कि पीड़ित को वास्तविक राहत मिले। जनसुनवाई के दौरान टावर स्थापना संबंधी पूर्व शिकायत को लेकर एक नागरिक ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई। उसने बताया कि आपके आदेश पर छत पर टावर लगाने का कार्य पहले रोक दिया गया था, लेकिन अब पुनः यह कार्य शुरू हो गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कविनगर थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई करने और टावर लगाने का कार्य रुकवाने के आदेश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी भवन या छत पर टावर लगाने के लिए संबंधित विभाग से विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति लगाए गए टावरों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नवरात्र के पावन अवसर पर प्रारंभ किए गए मिशन शक्ति विशेष अभियान 5.0 की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जोड़ना है।

## नाम परिवर्तन

गाजियाबाद अर्थला मोहन नगर निवासी ने राजीव कुमार तिवारी पुत्र सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि अब मेरा नाम केवल राजीव तिवारी नाम से जाना में शपथ पूर्वक कहता हूं मेरा नाम आधार कार्ड में भी। राजीव तिवारी हैं मुझे राजीव तिवारी नाम से जाना जाए